

रांची,शुक्रवार , 22 मई 2026

संवत 2083, अधिक ज्येष्ठ शुक्ल 6 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 247 , पृष्ट-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक




4 ▸▸ उर्वरक उपयोग में कमी से आएगा व्यापक बदलाव

अपने 38 साल के करियर में सलमान खान ने कभी नहीं पढ़ी स्क्रिप्ट ? ◂◂ 6

# रांची में टेंट हाउस में भीषण आग, लाखों का हुआ नुकसान

**संवाददाता**

**रांची:** राजधानी के सदर थाना क्षेत्र स्थित दून टेंट हाउस में शुक्रवार की सुबह आग लग गई। आग की वजह से पूरा टेंट हाउस जल कर राख हो गया। दमकल के आधा दर्जन वाहनों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर आंशिक रूप से काबू पाया है।



**सुबह लगी आग :** राजधानी रांची के चेशायर होम क्षेत्र में स्थित दून टेंट हाउस के गोदाम में शुक्रवार तड़के सुबह आग लगने से हड़कंप मच गया। अचानक भयानक धुआं और लपटें उठते ही आस-पास के लोग सहम गए और मौके पर भगदड़ सी मच गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर आंशिक रूप से काबू पाया। सुबह के 11 बजे तक भी टेंट हाउस में लगी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था।

**आग भुझाने में लगे आधा दर्जन दमकल वाहन :** सदर थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि आग सुबह लगी थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस के द्वारा ही दमकल के वाहनों को सूचना दी गई। दमकल के वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान 6 दमकल के पानी खत्म हो गए, लेकिन आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। पूरी तरह से आग को बुझाने के लिए दमकल के वाहन अपने काम में लगे हुए हैं।

**आग से भारी नुकसान :** बता दें की दून टेंट हाउस का गोदाम चेशायर होम इलाके में स्थित है और इसमें शादी-समारोह और आयोजनों में उपयोग होने वाले बड़े पैमाने पर टेंट, साज-सज्जा का समान, कुर्सी-मेज, पंडाल के कपड़े और अन्य सजावटी समान रखे हुए थे। आग लगने की वजह से सब कुछ जलकर राख हो गया।

## डीएवी कपिलदेव के पूर्व प्रिंसिपल को तीन साल की सजा, यौन उत्पीड़न मामले में कोर्ट का फैसला

**मेट्रो रेज**

**रांची:** राजधानी रांची स्थित डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल के पूर्व प्रिंसिपल मनोज कुमार सिन्हा को नर्सिंग स्टाफ के साथ छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न के मामले में तीन साल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला शुक्रवार को अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार की अदालत ने सुनाया। कोर्ट के फैसले के बाद शिक्षा जगत और शहर में इस मामले की चर्चा तेज हो गई है।

**गुरुवार को दोषी करार, शुक्रवार को सुनाई गई सजा :** इस मामले में अदालत ने गुरुवार को ही मनोज कुमार सिन्हा को दोषी करार दे दिया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों, गवाहों और जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें यौन उत्पीड़न के आरोप में दोषी माना। इसके बाद अदालत ने सजा के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को सजा सुनाते हुए कोर्ट ने तीन साल की कैद और आर्थिक दंड का आदेश दिया। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका और अधिवक्ता शुभम कटारुका ने अदालत में पक्ष रखा। दोनों अधिवक्ताओं ने अदालत को बताया कि पीड़िता को लंबे समय तक मानसिक प्रताड़ना और दबाव का सामना करना पड़ा। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सजा सुनाई।

**मई 2022 में दर्ज हुई थी प्राथमिकी :** मामले की शुरूआत मई 2022 में हुई थी, जब स्कूल की एक महिला कर्मी ने तत्कालीन प्रिंसिपल मनोज कुमार सिन्हा पर यौन उत्पीड़न और अश्लील मांग करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने रांची के अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। शिकायत में कहा गया था कि प्रिंसिपल द्वारा लगातार अनुचित व्यवहार किया जा रहा था और मानसिक दबाव बनाया जा रहा था। एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला तेजी से सुर्खियों में आ गया था। आरोप सामने आने के बाद स्कूल प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से मनोज कुमार सिन्हा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पीड़िता समेत कई लोगों के बयान दर्ज किए गए।

**हाईकोर्ट से मिली थी जमानत, फिर रद्द हुई राहत :** मामले में गिरफ्तारी के बाद मनोज कुमार सिन्हा को नवंबर 2022 में झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। हालांकि जेल से बाहर आने के बाद पीड़िता ने उन पर धमकाने और दबाव बनाने का आरोप लगाया। पीड़िता ने अदालत में कहा था कि आरोपी की ओर से समझौते का दबाव बनाया जा रहा है और उन्हें डराया जा रहा है। इसके बाद पीड़िता ने झारखंड हाईकोर्ट में जमानत रद्द करने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की जमानत रद्द कर दी। इसके खिलाफ मनोज कुमार सिन्हा ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, लेकिन वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने अदालत में सरेंडर किया था, जिसके बाद उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया।

**जांच पूरी होने के बाद दाखिल हुई चार्जशीट :**

मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी ने सभी साक्ष्यों और बयान दर्ज करने के बाद 25 जुलाई 2022 को अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में पीड़िता के आरोपों को समर्थन देने वाले कई बिंदुओं का उल्लेख किया गया था। इसके बाद अदालत में लगातार सुनवाई चलती रही। करीब चार साल तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद अब अदालत ने अपना अंतिम फैसला सुनाया है। इस फैसले को महिला कर्मियों की सुरक्षा और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों में एक महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। वहीं, मामले के फैसले के बाद शिक्षा संस्थानों में आंतरिक सुरक्षा और शिकायत निवारण व्यवस्था को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।

## होटवार जेल में महिला कैदी से यौन शोषण मामले में हाईकोर्ट सख्त डीजीपी और सरकार से मांगी रिपोर्ट




**रांची:** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में महिला कैदी के साथ कथित यौन शोषण के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के डीजीपी और सरकार से दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को वेकेशन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मामले को बेहद संवेदनशील बताते हुए अगली सुनवाई 8 जून को निर्धारित किया।

**गृह विभाग ने बनाई है जांच टीम :** न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति पीके श्रीवास्तव की वेकेशन बेंच में मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट को जानकारी दी गई कि राज्य सरकार के गृह विभाग ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इस समिति में निदेशक प्रशासन मनोज कुमार, सहायक कारा निरीक्षक तुषार रंजन गुप्ता और कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं निरीक्षणालय के प्रोबेशन पदाधिकारी चंद्रमोली सिंह को शामिल किया गया है।

**मामले की न्यायिक और प्रशासनिक जांच जारी :** इसके अलावा, झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यानी डालसा की टीम ने मामले में पूछताछ की है। जांच रिपोर्ट के आधार पर न्यायिक जांच की जा रही है। वहीं रांची जिला प्रशासन और जेल आईजी के स्तर पर अलग-अलग जांच शुरू कर दी गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर प्रशासनिक टीम भी पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है।

## राज्यसभा चुनाव की घोषणा, झारखंड की दो सीटों के लिए 18 जून को मतदान

**मेट्रो रेज**

**रांची:** झारखंड समेत दूसरे राज्यों में खाली हो रही राज्यसभा की सीटों के लिए चुनाव की घोषणा हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग 1 जून से इसके लिए प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, 1 जून को अधिसूचना जारी होते ही नामांकन दाखिल किया जाएगा। 8 जून तक नामांकन पर्चा भरा जाएगा। 9 जून को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी और 11 जून को नामांकन वापसी की तिथि निर्धारित की गई है।

**18 जून को होगी वोटिंग :** दरअसल 18 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होंगे। वोटों की गिनती उसी दिन यानी 18 जून को शाम 5 बजे से शुरू की जाएगी। इस तरह से 20 जून तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**झारखंड की दो सीटों के लिए होगा चुनाव :** झारखंड समेत देशभर में होने वाले राज्यसभा चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही राजनीतिक गलियारों में सुगबुगाहट तेज हो गई है। राज्य में दो सीटों के लिए चुनाव होना है। दिवंगत शिबू सोरेन के निधन की वजह से 4 अगस्त 2025 से राज्यसभा की एक सीट खाली है जबकि दूसरी सीट दीपक प्रकाश के 21 जून को कार्यकाल समाप्त होने की वजह से खाली हो रही है।

यदि आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ जेएमएम कांग्रेस राजद के पास 56 विधायकों का मत है, जिसमें जेएमएम के पास 34, कांग्रेस के पास 16 और राजद के 4 विधायक और भाकपा माले के 2 विधायक है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में एक सीट सुरक्षित मानी जा रही है, जबकि दूसरी सीट के लिए दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है। वहीं विपक्षी खेमे में 24 विधायकों का समर्थन है। जिसमें बीजेपी के 21, आजसू, लोजपा और जदयू के 1-1 विधायक शामिल हैं। पर्याप्त संख्या बल नहीं होने के बावजूद विपक्ष की ओर से प्रत्याशी को उतारने की संभावना जताई जा रही है। इधर, सत्तारुढ़ झामुमो, कांग्रेस और राजद की ओर से यदि दो प्रत्याशी खड़े किए जाते हैं तो मुकाबला दिलचस्प होने के आसार हैं।

## मॉनिटर लिजार्ड तस्करी मामला : भाजपा नेता, उनके पुत्र समेत 3 को मिली जमानत

**रांची :** मॉनिटर लिजार्ड की अवैध तस्करी मामले में जेल में बंद भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा, उनके बेटे अविनाश रंजन और अरुण राम को एसीजेएम की अदालत से राहत मिली है। एसीजेएम रवि नारायण की अदालत ने इन्हें जमानत प्रदान की है।

बता दें कि 14 मई को वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो और वन विभाग की संयुक्त टीम ने डेली मार्केट स्थित एक होटल में छापेमारी कर तीन मृत मॉनिटर लिजार्ड बरामद की थी। मामले में राजीव रंजन मिश्रा, उसके पुत्र अविनाश रंजन और अरुण राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। राजीव रंजन मिश्रा ने 18 मई को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी।

## पीएम मोदी और साइप्रस राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स के बीच हुई अहम बैठक

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स ने शुक्रवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक, शिक्षा, संस्कृति, लोगों की आवाजाही, रक्षा और सुरक्षा, एआई, फिनटेक, इनोवेशन और रिसर्च जैसे कई अहम क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय (एमईए) के बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को लेकर भी अपने विचार साझा किए। बैठक से पहले दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे का स्वागत किया और साथ में एक सेल्फी भी ली। इससे पहले दिन में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स से मुलाकात की और भारत-साइप्रस संबंधों और भारत-यूरोपीय संघ सहयोग को लेकर उनके सकारात्मक विचारों की सराहना की। बैठक के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा, ह्लनई दिल्ली में साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स से मिलकर खुशी हुई। भारत-साइप्रस संबंधों और भारत-ईयू सहयोग को मजबूत करने के लिए उनके सकारात्मक विचार और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं।

राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने उनका स्वागत किया। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, भारत यात्रा के मुंबई दौरे के बाद नई दिल्ली पहुंचे साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिड्स का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्हें औपचारिक स्वागत और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

एमईए के मुताबिक, यह यात्रा जून 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की साइप्रस यात्रा के बाद बने सकारात्मक माहौल को आगे बढ़ाने और भारत-साइप्रस साझेदारी को और मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दिखाती है। राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स , राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति मुर्मु ने उनके सम्मान में आधिकारिक भोज का आयोजन किया है।

नई दिल्ली आने से पहले राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिड्स मुंबई भी गए थे। गुरुवार को उन्होंने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) के चेयरमैन श्रीनिवास इंजेती और एमडी एवं सीईओ आशीष कुमार चौहान के साथ मुंबई में एनएसई इंडिया की घंटी बजाई।




## खूंटी को मिला नया एसडीपीओ, मंगल सिंह जामुदा ने संभाली कमान



**खूंटी :** झारखंड सरकार द्वारा किए गए पुलिस प्रशासनिक तबादले के तहत वर्ष 2013 बैच के पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जामुदा ने खूंटी के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के रूप में पदभार ग्रहण किया। पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर निवासी जामुदा इससे पहले भी विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि खूंटी संवेदनशील जिला है और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा अवैध गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष फोकस किया जाएगा, ताकि लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो। साथ ही युवाओं को सकारात्मक दिशा में जोड़ने और समाज में शांति-सौहार्द बनाए रखने की दिशा में भी पहल की जाएगी।

नए एसडीपीओ ने यह भी कहा कि थाना स्तर पर लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाई जाएगी और पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा। उनकी नियुक्ति को लेकर जिले में लोगों को अपराध नियंत्रण और बेहतर कानून व्यवस्था की उम्मीद है।

## रांची में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को मिली एसी जैकेट

**रांची :** राजधानी रांची में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ट्रैफिक ड्यूटी कर रहे पुलिस जवानों को राहत देने के लिए रांची पुलिस ने नई पहल की है। ट्रैफिक जवानों के लिए अत्याधुनिक कूलिंग जैकेट का ट्रायल शुरू किया गया है। इस जैकेट की मदद से जवान तेज धूप और गर्म हवा के बीच भी लंबे समय तक आरामदायक तरीके से ड्यूटी कर सकेंगे। रांची पुलिस की ओर से फिलहाल 5 कूलिंग जैकेट का ट्रायल किया जा रहा है। ट्रायल के दौरान जवानों से फीडबैक लिया जाएगा। अगर इसका परिणाम बेहतर रहा तो आगे और जैकेट खरीदे जाएंगे।

**इन-बिल्ट फैन से मिलेगी ठंडक :** इस खास जैकेट में इन-बिल्ट फैन सिस्टम लगाया गया है। फैन लगातार हवा का प्रवाह बनाए रखता है, जिससे शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है। इससे ट्रैफिक जवानों को गर्मी में राहत मिलेगी और वे ज्यादा देर तक सक्रिय रह सकेंगे।

**8 घंटे तक करेगी काम :** कूलिंग जैकेट को पावर बैंक से चलाया जाता है। एक बार चार्ज करने के बाद यह करीब 8 घंटे तक लगातार काम कर सकती है। यानी जवान अपनी पूरी ड्यूटी के दौरान इसका इस्तेमाल कर सकेंगे।

**धूप और रात दोनों में सुरक्षा :** जैकेट का कपड़ा एसपीएफ 50 सुरक्षा के साथ तैयार किया गया है, जो तेज धूप और हानिकारक किरणों से बचाव करता है। वहीं रात में ड्यूटी के दौरान सुरक्षा बढ़ाने के लिए इसमें रिफ्लेक्टिव रेडियम स्ट्रिप्स लगाई गई हैं। इससे दूर से ही जवान आसानी से नजर आ सकेंगे और सड़क हादसों का खतरा भी कम होगा।

**जवानों की सेहत और सुविधा पर फोकस :** रांची पुलिस का कहना है कि गर्मी में लगातार सड़क पर खड़े रहकर ट्रैफिक संभालना आसान काम नहीं है। ऐसे में जवानों की सेहत और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इससे जवानों की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी और वे ज्यादा बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभा पाएंगे।

**स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ता कदम :** रांची पुलिस की यह पहल आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल का एक अच्छा उदाहरण मानी जा रही है। इससे यह भी साफ होता है कि अब पुलिस विभाग सिर्फ कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि अपने कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीर है।

## हरमू से ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**रांची :** रांची पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू स्थित मदर टेरेसा ग्राउंड इलाके से एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में एक व्यक्ति बाहर से ब्राउन शुगर लाकर बिक्री कर रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। सूचना के आधार पर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के मार्गदर्शन में अंचलाधिकारी अरगोड़ा और थाना प्रभारी अरगोड़ा के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मदर टेरेसा ग्राउंड, हरमू क्षेत्र में छापेमारी की, जहां से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1.26 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नैतिक कुमार उर्फ मोनू के रूप में हुई है। वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर का रहने वाला बताया गया है।

इस मामले में अरगोड़ा थाना कांड संख्या 1123/26 दर्ज करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 21/22(ं)/29 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## मॉल फायरिंग मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची :** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित डी-कोर मॉल में फायरिंग की घटना के बाद रांची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को 20 मई की रात करीब 10:50 बजे सूचना मिली थी कि डी-कोर मॉल परिसर में फायरिंग हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां पार्किंग क्षेत्र से एक कारतूस का खोखा बरामद किया गया। खोखे के पैंदे पर ह्लएचपीएम 25.32ह्व अंकित था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि संतोष कुमार नामक व्यक्ति ने लोगों में भय और अशांति फैलाने के उद्देश्य से अपने लाइसेंसी हथियार से फायरिंग की थी। मामले में लालपुर थाना कांड संख्या 100/26 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता) की धारा 292 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27/30 के तहत कार्रवाई शुरू की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (नगर) के मार्गदर्शन और वरीय पुलिस उपाधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से पलामू जिले का रहने वाला है और वर्तमान में पुंदाग क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल, मैगजीन, चार जिंदा गोलियां और फायर किया हुआ खोखा बरामद किया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

## एसआईआरबी-2 कैंप में 22.69 लाख रुपये के ट्रेजरी घोटाले का खुलासा, कर्मचारी पर प्राथमिकी दर्ज

**खूंटी:** जिले के सारीडकेल स्थित एसआईआरबी-2 कैंप में लाखों रुपये के ट्रेजरी घोटाले का मामला सामने आने से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। जांच में वर्ष 2019 के दिसंबर माह से अगस्त 2021 के बीच 22 लाख 69 हजार 657 रुपये की अवैध निकासी किए जाने का खुलासा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खूंटी उपायुक्त सौरव कुमार भूनिव्या ने 14 मई को रक्मइ-2 कैंप की कमांडेंट अमेल्डा को पत्र भेजकर मामले की जांच कराने का निर्देश दिया था। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर जांच टीम ने स्वयं मामले की पड़ताल शुरू की।

जांच के दौरान ट्रेजरी रिकॉर्ड और संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच में अवैध निकासी की पुष्टि हुई। मामले में रक्मइ-2 में पदस्थापित कर्मचारी अजीत कुमार सिंह को आरोपी पाया गया है।

इस संबंध में गुरुवार को आरोप पत्र दाखिल कर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं आरोपी अजीत कुमार सिंह पिछले माह से फरार बताया जा रहा है। इसकी पुष्टि ट्रेजरी ऑफिसर शिव शंकर सिंह ने की है।

फिलहाल पुलिस एवं प्रशासनिक स्तर पर मामले की विस्तृत जांच जारी है। प्रशासन यह पता लगाने में जुटा है कि घोटाले में अन्य लोगों की भी संलिप्तता है या नहीं।

# जिले में डीएमएफटी योजनाओं के चयन को लेकर विशेष ग्राम सभा सह शिविर प्रारंभ

### ⏩पंचायतों की आवश्यकता के अनुरूप तैयार होगी विकास कार्ययोजना ⏩ग्रामीणों की सहभागिता से होगा योजनाओं का चयन

**संवाददाता**

**चतरा :** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद अंतर्गत पंचायतों की आवश्यकता आधारित विकास योजनाओं के चयन को लेकर जिलेभर में गुरुवार से विशेष ग्राम सभा सह शिविर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत आयोजित यह कार्यक्रम 21 से 23 मई 2026 तक जिले की सभी पंचायतों में संचालित होगा।विशेष ग्राम सभा के माध्यम से पंचायतवार वार्षिक कार्ययोजना तैयार करते हुए पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास, कृषि, पशुपालन, सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई, पर्यावरण संरक्षण एवं आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं का चयन किया जा रहा है। ग्राम सभा के दौरान पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए आवश्यक योजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा वरीय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों,



अंचल अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। पंचायत सचिवों को व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिले की कुल 154 पंचायतों के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं तथा जिला स्तरीय पदाधिकारी पंचायतों का भ्रमण कर कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेंगे। उप विकास आयुक्त-सह-डीएमएफटी के सदस्य सचिवअमरेन्द्र कुमार सिन्हा को कार्यक्रम का समग्र प्रभार सौंपा गया है।कार्यक्रम के प्रथम दिन 21 मई को चतरा प्रखंड अंतर्गत लेंम, जांगी, गंधरिया, ब्रह्मणा, बरैनी, दरियातु, देवरिया एवं मोकतमा पंचायतों में विशेष ग्राम सभा सह शिविर आयोजित किए गए। गिद्धौर प्रखंड के गिद्धौर, बारिसाखी एवं मंझगांवा पंचायतों में भी ग्राम सभा का आयोजन हुआ।

हंटरगंज प्रखंड के जोलडीहा, गेरूआ, औरू, बलूरी, डाहा, लेंजवा, दंतार, पैनीकला एवं कटैया पंचायतों में शिविर लगाए गए। प्रतापपुर प्रखंड के घोड़दौड़, एघारा, सिजूआ, हुमाजांग, भरही, योगियारा, टंडवा, रामपुर एवं प्रतापपुर पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई।कुंदा प्रखंड के कुंदा, सिकिदाग, मरगड़ा, बैधाडीह एवं नवादा पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित हुई। वहीं लावालौंग प्रखंड के रिमी, सिलदाग, मंधनिया एवं लमटा पंचायतों में शिविर लगाए गए।

सिमरिया प्रखंड के जिरवाखुर्द, जांगी, डाडी, जबड़ा, चोपे, पगार, कसारी एवं ईचाक पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई। इटखोरी प्रखंड के कोनी, परसौनी, धुना, इटखोरी, टोनाटांड़ एवं पितीज पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित हुआ।इसी प्रकार मयूरहंड प्रखंड के कदगांवांकला, मयूरहंड, फूलांग, हुसिया एवं पेटादरी पंचायतों में शिविर लगाए गए। कान्हाचट्टी प्रखंड के बैंगोकला, कैण्डीनगर, कोल्हैया, बकचुंबा एवं तुलबुल पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।वहीं पथलगड्डा प्रखंड के नावाडीह, बरवाडीह, सिंघानी, नोंनगांव एवं मेराल पंचायतों तथा टंडवा प्रखंड के राहम, मिश्रौल, गाड़ीलोंग, नावाडीह उर्फ तेलियाडीह, सराढू, कबरा एवं बचरा उत्तरी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा सह शिविर का आयोजन किया गया।

22 मई को चतरा प्रखंड के आरा, डाढा, पाराडीह, सिकिद, सीमा, गोढ़ाई, टीकर एवं डमडोईया पंचायत में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। गिद्धौर प्रखंड के पहरा, बारियातु एवं द्वारी पंचायतों में कार्यक्रम होगा।

हंटरगंज प्रखंड के जोरी कला, करैलीवार, नावाडीह पनारी, गोसाईडीह, केदली कला तिलहेत, उरैली, जबड़ा एवं सलैया पंचायतों में विशेष ग्राम सभा सह शिविर लगाए जाएंगे। प्रतापपुर प्रखंड के बभने, चन्द्रीगोविन्दपुर, मोन्या, सिदकी, बरूरा, जोगीडीह, गजवा, घोरीघाट एवं डुमरवार पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित होगी।लावालौंग प्रखंड के लावालौंग, कटिया, कोलकोले एवं हेडुम पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। सिमरिया प्रखंड के सबानो, सेरेनदाग, पीरी, हुरनाली, बन्हे, बगरा, एदला, पुण्डरा एवं बानासांड़ी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी।इटखोरी प्रखंड के हलमता, शहरजाम, करनी, धनखेरी, मलकपुर एवं नवादा पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित होगा। मयूरहंड प्रखंड के करमा, सोकी, मंझगांवा, पंदनी एवं बेलखोरी पंचायतों में ग्राम सभा सह शिविर लगाए जाएंगे।कान्हाचट्टी प्रखंड के चारू, राजपुर, जमरीबक्शपुरा, चिरीदारी एवं मदगड़ा पंचायतों तथा टंडवा प्रखंड के बचरा दक्षिणी, कोयद, पोकला उर्फ कसियाडीह, डहू, किचटो एवं धनगडा पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

### चतरा को मिले नए डीएसपी (मुख्यालय)सुनील कुमार सिंह, संभाली कमान कहा

# महिला सुरक्षा और पुलिस-पब्लिक संबंध मजबूत करना होगी प्राथमिकता

**चतरा :** जिले को नए डीएसपी (मुख्यालय) के रूप में सुनील कुमार सिंह मिले हैं। गुरुवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित औपचारिक प्रक्रिया के तहत सुनील कुमार सिंह ने निवर्तमान डीएसपी (मुख्यालय) अमिता लकड़ा से विधिवत प्रभार लिया।

पदभार ग्रहण करने के बाद नए डीएसपी (मुख्यालय) सुनील कुमार सिंह ने कहा कि अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आम लोगों को सुरक्षित माहौल देने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना बेहद जरूरी है। पुलिस-पब्लिक संबंध जितना मजबूत होगा, अपराध नियंत्रण उतना ही प्रभावी होगा। आम लोग बिना झिझक अपनी समस्याएं पुलिस तक पहुंचाएं, नियम संगत हर




संभव सहायता दी जाएगी।महिला सुरक्षा को लेकर उन्होंने विशेष प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी तथा महिला उत्पीड़न और संरक्षण से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।सुनील कुमार सिंह सातवें बैच के डीएसपी हैं। इससे पहले धनबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। डीएसपी बनने से पूर्व वे इंडियन एयर फोर्स के टेक्निकल विंग में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने पलामू में अंग्रेजी शिक्षक के रूप में भी कार्य किया है। वे मूल रूप से पलामू जिले के हुसैनाबाद के निवासी हैं। वहीं निवर्तमान डीएसपी अमिता लकड़ा ने कहा कि स्थानांतरण नौकरी की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर पुलिसिंग और आम लोगों को सुगम पुलिस सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास करने की बात कही। साथ ही चतरा की जनता और पुलिस पदाधिकारियों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# लोक आस्था का महापर्व मण्डा पूजा, इसे राजकीय पर्व घोषित करे सरकार : राजकुमार महतो

### गागी खटंगा और चैनगड़ा में फूलखुंदी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**रांची/बुड़मू:** गागी खटंगा में शिव मण्डा पूजा समिति के बैनर तले आयोजित दो दिवसीय मण्डा पूजा महोत्सव में फूलखुंदी और जागरण कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान भारी संख्या में भोक्ता एवं सोक्ताईनों ने आग के अंगारों पर नंगे पांव चलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की। कार्यक्रम में केंद्रीय मण्डा पूजा समिति, झारखंड के प्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मण्डा पूजा समिति, झारखंड के अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि मण्डा पूजा पूर्व के नागवंशी राजाओं और हमारे पूर्वजों की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे सैकड़ों वर्षों से मनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि यह लोक आस्था का महापर्व है और राज्य सरकार को इसे राजकीय पर्व घोषित करना चाहिए। उन्होंने समाज के लोगों से इस परंपरा को



जीवित रखने की अपील की।

भव्य आयोजन के सफल संचालन के लिए केंद्रीय मण्डा पूजा समिति की ओर से आयोजन समिति के पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक स्वामी देवेंद्र प्रकाश, उदय पासवान, तपन कुमार महतो, उत्पल सहदेव एवं बिंटू लाल सहदेव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव, श्रीमती लता देवी, जगत किशोर महतो, दुर्गा लोहरा, संदीप उरांव, मांगू उरांव, अनिल लिंडा, रंजीत महतो, अनुज महतो तथा मोहम्मद इश्तियाक सहित कई लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

इधर बुड़मू के चैनगड़ा में भी फूलखुंदी एवं सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं पारंपरिक माहौल में संपन्न हुआ। यहां केंद्रीय मण्डा पूजा समिति, झारखंड के संरक्षक स्वामी देवेंद्र प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर चैनगड़ा मण्डा पूजा समिति के अध्यक्ष राजू पाहन, सचिव नारायण पाहन, कोषाध्यक्ष बहादुर सिंह, शंकर जी एवं अन्य सदस्यों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## चतरा के ऐतिहासिक स्थलों का होगा सौंदर्यीकरण : उपायुक्त



**चतरा :** जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं विकास को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी रवि आनंद ने गुरुवार को सदर अस्पताल के समीप स्थित ऐतिहासिक फांसी तालाब का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, वर्तमान स्थिति एवं संरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बभने स्थित ब्रिटिशकालीन समाधि स्थल का भी भ्रमण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जिले के ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ियां जिले के गौरवशाली इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत से अवगत हो सकें।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को फांसी तालाब एवं ब्रिटिशकालीन समाधि स्थल का समुचित सौंदर्यीकरण कराने, साफ-सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित करने का निर्देश दिया। साथ ही इन स्थलों की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए उन्हें आकर्षक एवं व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने पर विशेष बल दिया।मौके पर अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद विनीता कुमारी एवं नगर प्रबंधक, नगर परिषद, चतरा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## 324 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद,तस्कर फरार,दो चार पहिया वाहन बरामद

**चतरा :** चतरा पुलिस ने एकबार फिर अफीम तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कार्रवाई में दो चार पहिया वाहन से 324 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया गया। जिला मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा सदर थाना क्षेत्र के बधार की ओर से सिमरिया थाना क्षेत्र के

देलहो होते हुए दो चार पहिया वाहनों में अफीम डोडा लेकर हजारीबाग की ओर जानेवाले हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम भाऊ साहेब के नेतृत्व में सिमरिया थाना क्षेत्र के चौराही गांव के पास वाहन चेकिंग लगाई गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों का पीछा किया।इसी क्रम में दोनों वाहनों का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस अधीक्षक श्री नैथानी ने बताया कि दोनों वाहनों में मारुति कंपनी के अरटीगा वाहन में 169 किग्रा एवं होण्डा का एमेज वाहन में 155 किग्रा अवैध अफीम डोडा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि बरामद अफीम डोडा का अनुमानित मूल्य 50 लाख रु है। उन्होंने कहा कि ड्रग पैडलरों के खिलाफ चतरा पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। इस संदर्भ में सिमरिया थाना काण्ड सं0-94/26, दिनांक- 21.05.2026, धारा- 8/15सी/29 एनडीपीएस एक्ट दर्ज किया गया है।

## जैन तीर्थंकर प्रतिमा चोरी मामले का महज दो घंटे में खुलासा, एक गिरफ्तार

**चतरा :** सुप्रसिद्ध इटखोरी थाना क्षेत्र स्थित शान्तिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से करीब 100 साल पुरानी अष्टधातु की 24 तीर्थंकर प्रतिमा की चोरी मामले का पुलिस ने महज दो घंटों के भीतर उद्भेदन कर लिया है। चतरा एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि पुलिस की सटीक सूचना तंत्र के दम पर महज दो घंटे के अंदर प्रतिमा बरामद कर ली गई। बताया कि इस मामले एक व्यक्ति की गिरफ्तारी भी हुई है। चोरी की घटना में प्रयुक्त चोर का हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल(एचआर-48-5062) को भी जब्त किया है। उन्होंने बताया कि बरामद अष्टधातु मूर्ति की कीमत 50 लाख रु है। एसपी श्री नैथानी ने बताया कि 20 मई को जैन मंदिर के संचालक इटखोरी निवासी ताराचंद जैन के आवेदन पर इटखोरी थाना में कांड दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। साथ ही घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी इटखोरी के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया था। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मयूरहंड थाना क्षेत्र निवासी आरोपी संदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसकी निशानदेही पर चोरी की गई अष्टधातु से बना 24 तीर्थंकर प्रतिमा भी बरामद कर ली गई है। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार चोर चेन स्मोकर और नशेड़ी है।

# एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से नहीं छूटेगा : के. रवि कुमार

**संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया 20 जून से शुरू की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक घर तक संबंधित मतदान केंद्र क्षेत्र के बीएलओ पहुंचकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निर्वाचन सदन से मीडिया के प्रतिनिधियों हेतु आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।




के रवि कुमार ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के क्रम में 20 जून से 29 जून तक तैयारी, प्रशिक्षण एवं आवश्यक मुद्रण कार्य किए जाएंगे। इसके बाद 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे और सत्यापन करेंगे जिसके बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 5 अगस्त को होगा। इसके बाद 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। नोटिस पीरियड तथा दावों और आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक चलेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 7 अक्टूबर को किया जाएगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए अर्हता तिथि 1 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के क्रम में नए मतदाताओं के आवेदन दावा एवं आपत्तियां दर्ज करने के क्रम में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर संकलित किए जाएंगे। जिन मतदाताओं से बीएलओ का संपर्क नहीं हो पाएगा, उनके लिए विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम बिना सुनवाई के सूची से नहीं हटाया जाएगा और लोगों को भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी।

के रवि कुमार ने कहा कि यह प्रक्रिया केवल भारतीय नागरिकों के लिए है और विदेशी नागरिक इसमें शामिल नहीं होंगे। उन्होंने मतदाताओं, कर्मियों, मीडिया के प्रतिनिधियों, सभी मान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए, से अपील करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करें ताकि राज्य की मतदाता सूची अधिक स्वच्छ समावेशी एवं त्रुटिरहित बन सके।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ट्रेनिंग नोडल देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# पंडरा ओपी थाना के नए प्रभारी से मिले आदिवासी एकता समिति के लोग

**संवाददाता**

**रांची:** आदिवासी एकता समिति दहिसोत बनहोरा व पंडरा की टीम पहुंची। पंडरा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह को पुष्प गुच्छा देकर एवं आदिवासी सरना परिया ( गमछा ) ओढ़कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। साथ मे बैठकर कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के साथ ही पुलिस-पब्लिक तथा पुलिस-समाजसेवी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के विषय पर विचार विमर्श किया। मौके पर केंदीय सरना संघर्ष समिति अध्यक्ष शिवा कच्छप, पूर्व मुखिया पंडरा सुनील



तिर्की, अलबिन लकड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता मुन्तजीर खान, संजय तिर्की, ग्राम प्रधान पंडरा लालू खलखो, सोनू लकड़ा, शशि कांत तिर्की, हरबू तिर्की, सिद्धांत तिर्की, रवि प्रभाकर तिर्की, प्रवीण कुजूर एवं अन्य उपस्थित रहे।

## प्रदेश कांग्रेस 24 को मनाएगी शिकायत एवं निवारण कार्य दिवस

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 24 मई को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में ॖशिकायत एवं निवारण कार्य दिवसॗ कार्यक्रम आहूत की जा रही है प्रदेश कांग्रेस के मिडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि यह पहल संगठन को और अधिक मजबूत, जवाबदेह एवं कार्यकताओं के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है ताकि जिला एबं प्रदेश स्तर पर कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं आम कांग्रेसजन अपनी व्यक्तिगत प्रतिनिधित्व संबंधी शिकायतों को लिखित रूप में देंगे तथा उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

कांग्रेस का मानना है कि किसी भी राजनीतिक संगठन की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं। पार्टी ने हमेशा कार्यकताओं के सम्मान, संवाद और सहभागिता को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि जिला कांग्रेस कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिकायतों का लिखित रूप में संग्रह किया जाएगा और उन्हें प्रदेश कार्यालय भेजकर निष्पक्ष समन्वित कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिला अध्यक्षों एवं प्रभारियों को निर्देश दिया है कि इस कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक कार्यकताओं तक पहुंचाई जाए ताकि हर कार्यकर्ता अपनी बात संगठन के समक्ष रख सके। कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट किया है कि संगठनात्मक अनुशासन, आपसी संवाद और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करना पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सिन्हा ने कहा कि भाजपा की तरह कांग्रेस में तानाशाही नहीं चलती, बल्कि यहां कार्यकताओं की आवाज सुनी जाती है और उनके सम्मान की रक्षा की जाती है। ॖशिकायत एवं निवारण कार्य दिवसॗ इसी लोकतांत्रिक संस्कृति का हिस्सा है।

## राजीव रंजन मिश्रा की गिरफ्तारी मामले की न्यायिक जांच कराए सरकार : शीला देवी

**रांची :** नगर निगम वार्ड संख्या 39 की पार्षद व धुर्वा क्षेत्र की समाजसेविका शीला देवी ने भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा व उनके पुत्र की गिरफ्तारी के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि श्री मिश्रा की गिरफ्तारी पूर्वाग्रह से ग्रसित है। उन्हें एक सोची समझी साजिश के तरह फर्जी मामले में फंसाया गया है। श्रीमती शीला ने इस पूरे प्रकरण की न्यायिक जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक कमेटी गठित कर कराने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। इस संबंध में गुरुवार को धुर्वा स्थित नगर निगम वार्ड संख्या 39 के कार्यालय में शंभू सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। बैठक में भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा की गिरफ्तारी की निंदा की गई। शंभू सिंह ने कहा कि एक षड्यंत्र के तहत श्री मिश्रा व उनके पुत्र को फंसाया गया है। उनकी गिरफ्तारी के मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने से दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा। बैठक में कार्तिक लाल शर्मा, जितेंद्र सिंह डब्लू, शिव शंकर पांडे, सुबोध सिंह सहित अन्य शामिल थे।

## रांची पुलिस की कार्रवाई, हरमू से ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू स्थित मदर टेरेसा ग्राउंड इलाके से एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में एक व्यक्ति बाहर से ब्राउन शुगर लाकर बिक्री कर रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

# झारखंड में पेसा कानून लागू, अब बेहतर क्रियान्वयन की बारी : दीपिका पांडेय सिंह




**रांची :** राज्य में 25 साल के लंबे इंतजार के बाद पेसा कानून लागू कर दिया गया है। पारंपरिक ग्राम सभा को उनका अधिकार दिलाना सरकार की प्राथमिकता है । इसके लिए गांव - गांव तक पेसा नियमावली के बेहतर एवं मजबूत क्रियान्वयन की आवश्यकता है। पेसा कानून के दायरे में आने वाले जिलों के अधिकारियों को इसके लिए अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा। ये बातें ग्रामीण विकास विभाग , ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन के एनेक्सी सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला के दौरान कही । कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज विभाग द्वारा पेसा नियमावली के संबंध में किया गया था। मंत्री ने कहा कि यह कानून मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश पर लागू किया गया है, जिनका सपना था कि राज्य में पारंपरिक ग्राम व्यवस्थाओं को प्राथमिकता मिले। उन्होंने कहा कि इस कानून को धरातल पर उतारने के लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य करना आवश्यक है।

श्रीमती पांडेय ने बताया कि देश के 10 राज्यों में पेसा कानून लागू होना था, जिनमें झारखंड का कानून सबसे बेहतर और प्रभावी माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून को लेकर कुछ स्थानों पर भ्रम फैलाने की कोशिश हो रही है, ऐसे में सभी संबंधित लोगों को इसके प्रावधानों का गहन अध्ययन करना चाहिए। गांव के लोगों के हर सवालों और परेशानियों का जवाब पेसा नियमावली के पन्नों में दर्ज है । उन्होंने निर्देश दिया कि पारंपरिक व्यवस्था के तहत तीन महीने के भीतर ग्राम प्रधानों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आगे की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से लागू की जा सकें। मंत्री ने कहा कि यह कानून पारंपरिक ग्रामसभाओं को सशक्त बनाने वाला है और विभागीय स्तर पर इसके सफल क्रियान्वयन के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पारंपरिक ग्राम प्रधान और राजस्व ग्राम प्रधान को समझने की जरूरत है । पारंपरिक तरीके से ही ग्राम सभा के जरिए ग्राम प्रधान के चयन को सुनिश्चित करना है ।

**स्थानीय लोगों तक इसकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचे: सचिव :** रांची में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने कहा कि पेसा नियमावली लागू होने के बाद से ही इसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ,स्थानीय लोगों तक इसकी जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचे इसके लिए नियमावली का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद कराया गया है।

सचिव ने जानकारी दी कि पेसा कानून के विभिन्न प्रावधानों को राज्यभर में प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 125 मास्टर ट्रेनरों को तैयार किया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर जागरूकता बढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नियमावली के निर्माण और क्रियान्वयन के लिए कई विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। इस दिशा में निदेशक की अध्यक्षता में एक विशेष कमेटी का गठन किया गया है, जो कानून के लागू होने में आने वाली बाधाओं का अध्ययन कर रही है। मनोज कुमार ने कहा कि पारंपरिक न्याय व्यवस्था का भी गहन अध्ययन किया जा रहा है, ताकि स्थानीय संदर्भों को ध्यान में रखते हुए नियमावली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने भरोसा जताया कि निरंतर प्रयासों से पेसा कानून का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

रांची में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला में पंचायती राज निदेशालय की निदेशक बी. राजेश्वरी ने कहा कि राज्य में पेसा कानून का लागू होना एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि इस कानून को लागू करने से पहले कई आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की गईं, लेकिन इसके क्रियान्वयन के दौरान विभिन्न प्रकार की चुनौतियां भी सामने आई हैं। इन बाधाओं को दूर करने के लिए निरंतर सुधार की प्रक्रिया जारी है।

## सरकारी विद्यालयों में खेल, कला और रचनात्मकता के रंग में सराबोर रहा समर कैंप

**रांची :** नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रभावी पहल रहा समर कैंपॗ राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा राज्य के सभी कोटि के सरकारी विद्यालयों में आयोजित तीन दिवसीय ॖसमर कैंप 2026ॗ का गुरुवार को सफल समापन हुआ। ॖसीखें, खेलें, सृजन करेंॗ थीम पर आधारित इस विशेष आयोजन ने राज्यभर के लाखों विद्यार्थियों को सीखने, अभिव्यक्ति एवं सामूहिक सहभागिता का सशक्त मंच प्रदान किया।

राज्य के सभी 24 जिलों में आयोजित इस समर कैंप में लगभग 35 हजार विद्यालयों के 50 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। तीन दिनों तक विद्यालय परिसर खेल, कला, संस्कृति, योग एवं रचनात्मक गतिविधियों से जीवंत बने रहे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतिम दिन राज्य के कई जिलों में जिला शिक्षा पदाधिकारियों के विभिन्न विद्यालयों में सक्रिय रूप से उपस्थित होकर विद्यार्थियों के साथ योग अभ्यास एवं सामूहिक नृत्य में शामिल हुए। अधिकारियों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की तथा विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों का अवलोकन किया। समर कैंप के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

समर कैंप के अंतिम दिन कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए जूम्बा व्यायाम, कंचे का खेल, कविता पाठ, नृत्य एवं ॖमेरा विद्यालय, मेरा गाँवॗ विषय पर लघु भाषण का आयोजन किया गया। वहीं हस्तकला गतिविधियों के अंतर्गत चित्रांकन एवं रंग भरने जैसी रचनात्मक गतिविधियों में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए गिल्ली-डंडा, पिट्ठू एवं गुलेल जैसे पारंपरिक स्वदेशी खेलों का आयोजन किया गया। इसके साथ ॖझारखंड की संस्कृति, वन का लाभॗ विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं झारखंड सामान्य ज्ञान आधारित क्वीज आयोजित किया गया । कला-संस्कृति गतिविधियों के अंतर्गत कहानी लेखन, पुस्तक पठन, लोकगीत एवं क्षेत्रीय नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसी प्रकार कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए ॖझारखंड का विकास, पर्यावरण का संरक्षणॗ विषय पर भाषण एवं क्वीज प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही समूह प्रस्तुति, नाटक, लोकगीत एवं क्षेत्रीय नृत्य के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। तीन दिवसीय समर कैंप की सफलता पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा कि यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखकर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यालय परिवर्तन करने वाले विद्यार्थियों को इस समर कैंप के माध्यम से नए मित्रों एवं नए वातावरण के साथ सहज रूप से जुड़ने का अवसर मिला।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–आदिति पाण्डेय, उम्र–01 वर्ष 08 माह, ऊँचाई–2 फीट, 3 ईंच, रंग–गोरा, पहनावा–गुलाबी रंग का पैंट एवं नीला रंग का टी–शर्ट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता लड़की आदिति पाण्डेय, उम्र–01 वर्ष 08 माह, पिता–मनीष कुमार पाण्डेय, सा0–सावन नगर बप्पी टेन्ट हाउस के समीप खोरहटोली, थाना–सदर, जिला–राँची जो दिनांक–09.05.2026 को घर के पास से लापता है। जिसके संबंध में सदर थाना काण्ड संख्या–214/2026, दिनांक–09.05.2026 धारा–140(3)/137(2) बी0एन0एस0 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें। Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

सूचना देने वाले व्यक्ति को 1,000,00/– (एक लाख) रूपया का पुरस्कार दिया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक, नगर, राँची। – 9431706137
पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, राँची। – 9431706138
पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। – 9431102090
थाना प्रभारी, सदर, राँची। – 9431706160

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

PR 380371 (Police) 26-27 (D)

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने मनाया शहादत दिवस, दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय मे मनाई गई। आज के दिन को कांग्रेसजनों के द्वारा उर्जा दिवस के रूप में याद किया जाता है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी झारखंड की जनता को सदैव याद रहेंगे। देश में शांति और एकता को बहाल रखने के लिए अखंड भारत के सपनों को साकार रखने के लिए उनकी दी गई शहादत को देश सदैव याद रखेगा। झारखंड अलग राज्य के बिना यहां रहने वाले आदिवासियों एवं दूसरे समुदाय के लोगों का विकास संभव नहीं है,यह विचार राजीव गांधी ने गुमला, सिमडेगा और खूंटी की जनसभाओं में प्रकट किया था। राजीव गांधी अपने प्रधानमंत्रीत्व काल में योजनाओं में झारखंड के हितों को सर्वोपरि रखते थे।



इस अवसर पर वक्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजीव गांधी को महान स्वप्न द्रष्टा बताया एवं कहा कि स्व. गांधी का भारत को 21वीं सदी में ले जाने का जो प्रयास था उसकी एक मजबूत नींव उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान रखा था। भारत में कंप्यूटर युग की शुरूआत उन्हीं की देन है। वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के सत्ता विकेन्द्रीकरण का विस्तार से चर्चा की। राजीव गांधी का यह सपना था कि गांवों में बसने वाले भारत कायाकल्प तभी हो सकता है जब पंचायतों के माध्यम से चुने हुए जनप्रतिनिधियों के हाथों से सत्ता संचालित होगी। 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज शासन व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण जैसे कालजयी निर्णय देश के विकास में अपनी भूमिका निभा रहा है।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से दयामणि बारला अभिलाष साहू राकेश सिन्हा रविंद्र सिंह विनय सिन्हा दीपू लाल किशोर नाथ शाहदेव राजीव रंजन प्रसाद सोनाल शांति राजन वर्मा आदित्य विक्रम जायसवाल अमरेंद्र सिंह सुरेन राम सुधीर जगदीश साहू रमाकांत आनंद सुनील सिंह कामेश्वर गिरी राजेश सिंहासन ने उज्जवल तिवारी सतनारायण सिंह राजू राम चंद्ररश्मि पिंगुआ संगीता तोपो नीलम सहाय मिनी बाड़ा नरेंद्र कुमार लाल अनिल उरांव विकी करमाली भोलानाथ सिंह नेलीनाथन अमित कुमार झा अजमल हुसैन बेसिल खलखो संजय कुमार ओझा प्रोफेसर उदय प्रकाश समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग**

**सर्वसाधारण के लिये सूचना**


अपहृता बच्ची


संदिग्ध अज्ञात पुरूष

उपर्युक्त विषय से संबंधित सदर थाना काण्ड सं0–101/2026, दि0–17.04.2026, धारा–137(2) भा0न्या0सं0 के आलोक में नाबालिग अपहृता बच्ची– प्राची कुमारी(मुन्नी) (उम्र–2 वर्ष) पिता–रवि पासवान, सा0–सिरसी शंकरपुर, थाना – कटकमदाग, जिला–हजारीबाग को CCTV फुटेज में एक संदिग्ध अज्ञात पुरूष द्वारा बच्ची को गोद में ले जाते दिखा है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है।

1. **संदिग्ध अज्ञात पुरूष का हुलिया:–उम्र–28–30 वर्ष, रंग–साँवला, कद–05 फीट 05 इंच, चेहरा– चौखुट, हल्का दाढ़ी, बाल–काला, सपोर्ट जूता पहने हुए, क्रीम छिटदार शर्ट, ब्लू जिंस पहने हुए है।**
2. **नाबालिग अपहृता बच्ची का हुलिया:–उम्र–2वर्ष, फ्रॉक पहने हुए, रंग–गोरी।**

इस संबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी सदर/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

**सम्पर्क सूत्र:–**

अनु0 पु0 पदा0 सदर, हजारीबाग :– 9431706298
थाना प्रभारी सदर, हजारीबाग :– 9771131413, 9431706308

पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग।

PR.NO.380443 Police(26-27):D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## पीएम मोदी के राष्ट्रहित के आह्वान में भी राजनीति क्यों?

आज पूरी दुनिया एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं ने मानव सभ्यता को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। खाड़ी देशों में लंबे समय से चल रहे संघर्ष और युद्ध की विभीषिका ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे तक प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का बाधित होना, डॉलर के मुकाबले विभिन्न देशों की मुद्राओं का कमजोर होना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्पन्न असंतुलन ने लगभग हर राष्ट्र की आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित किया है। भारत भी इन परिस्थितियों से अछूता नहीं रह सकता। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है और सोने का भी विश्व के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन के संयमित उपयोग और सोने की खरीद को सीमित करने का आह्वान केवल एक आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया दूरदर्शी चिंतन है। दुर्भाग्य यह है कि मोदी की मितव्ययिता की अपील पर पूरे देश को एकजुट होकर गंभीरता से विचार करना चाहिए था, उस विषय को भी राजनीतिक विवाद का हथियार बना दिया गया। कुछ विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री की इस अपील को जनता में भय फैलाने वाला कदम बताया, तो कुछ ने इसे सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास कहा। जबकि वस्तुतः यह अपील राष्ट्र को भविष्य की संभावित चुनौतियों के प्रति सचेत करने और समय रहते आत्मानुशासन अपनाने का संदेश है। यह राजनीति का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी का प्रश्न है। जब विश्व के बड़े-बड़े राष्ट्र आर्थिक संकटों से जूझ रहे हों, तब भारत के प्रधानमंत्री यदि नागरिकों को संयम एवं मितव्ययिता का सूत्र देते हैं तो उसे राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दृष्टि से देखा जाना चाहिए। यह पहला अवसर नहीं है, जब प्रधानमंत्री ने देश की तरक्की को बनाए रखने की सामूहिक चिन्ता करते हुए मितव्ययिता एवं संयम की अपील की हो। भारत की संस्कृति मूलतः संयम प्रधान रही है। भारतीय जीवन-दर्शन में संयम को केवल व्यक्तिगत गुण नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति माना गया है। हमारे ऋषियों, मुनियों और महापुरुषों ने सदैव आवश्यकता और विलासिता के बीच अंतर करना सिखाया। महावीर, बुद्ध, गांधी और विनोबा भावे जैसे महापुरुषों ने त्याग और संयम को ही मानवता की सबसे बड़ी शक्ति बताया। भारतीय संस्कृति कहती है कि जितना आवश्यक हो उतना ही उपभोग करो, क्योंकि असीमित उपभोग अंततः संकट को जन्म देता है। यही कारण है कि भारतीय सभ्यता हजारों वर्षों तक टिकाऊ और संतुलित बनी रही। आज जब पूरी दुनिया उपभोक्तावाद के दुष्परिणाम भुगत रही है, तब भारत की यही संयम आधारित संस्कृति समाधान का मार्ग दिखा सकती है। सोने के प्रति भारतीय समाज का आकर्षण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दोनों स्तरों पर गहरा रहा है। विवाह, पारिवारिक उत्सव, धार्मिक परंपराएं और सामाजिक प्रतिष्ठा में सोने का विशेष स्थान है। लेकिन यह भी एक कठोर सत्य है कि भारत का अधिकांश सोना आयातित होता है। हर वर्ष अरबों डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार सोने के आयात पर खर्च होता है। यह सोना उत्पादन या औद्योगिक विकास में उपयोग होने के बजाय घरों और लॉकरों में बंद होकर निष्क्रिय पड़ा रहता है। ऐसे समय में जब विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा हो और रुपये की कीमत लगातार गिर रही हो, तब सोने की खरीद में संयम बरतने की अपील आर्थिक दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक है। यह किसी की परंपराओं के विरोध में नहीं, बल्कि देश की आर्थिक मजबूती के पक्ष में उठाया गया कदम है। इसी प्रकार ईंधन के उपयोग में संयम भी समय की आवश्यकता है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयातित तेल पर निर्भर है। खाड़ी देशों में युद्ध और अस्थिरता के कारण तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका सीधा प्रभाव पेट्रोल, डीजल, परिवहन, उद्योग और महंगाई पर पड़ता है। यदि नागरिक ईंधन के अनावश्यक उपयोग को सीमित करें, सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें, ऊर्जा बचत को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, तो इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। संयम का अर्थ केवल त्याग नहीं होता, बल्कि दूरदर्शिता और जिम्मेदारी भी होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील इसी जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित प्रतीत होती है। उन्होंने किसी प्रकार की जबरदस्ती या प्रतिबंध की बात नहीं की, बल्कि नागरिकों से स्वैच्छिक सहयोग की अपेक्षा की। यह लोकतांत्रिक नेतृत्व की पहचान है। एक जिम्मेदार प्रधानमंत्री का कर्तव्य केवल संकट आने पर कदम उठाना नहीं होता, बल्कि संकट के संकेतों को पहचानकर समय रहते जनता को तैयार करना भी होता है। आज जब दुनिया के कई देशों में आर्थिक अस्थिरता के कारण भारी महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव देखने को मिल रहे हैं, तब भारत अपेक्षाकृत स्थिर स्थिति में है। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में अपनाई गई आर्थिक नीतियों, बुनियादी ढांचे के विस्तार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत अभियान और वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत स्थिति का परिणाम है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्वव्यापी संकटों के बावजूद भारत ने अपने नागरिकों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ नहीं पड़ने दिया। महामारी से लेकर युद्धजनित परिस्थितियों तक भारत सरकार ने लगातार राहत योजनाएं चलाईं, गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया, किसानों और मध्यम वर्ग को विभिन्न प्रकार की सहायता दी तथा अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने के लिए अनेक कदम उठाए। वैश्विक मंदी और युद्ध के वातावरण में भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल बना हुआ है। यह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता का प्रमाण है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देशहित के ऐसे विषयों पर भी कुछ राजनीतिक दल संकीर्ण राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रहे। लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन हर विषय को राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू में तौलना राष्ट्रहित के विरुद्ध है। यदि प्रधानमंत्री जनता से संयम की अपील करते हैं तो विपक्ष को चाहिए कि वह भी जनता को जागरूक करे, न कि भय और भ्रम का वातावरण बनाए। राजनीति तब तक स्वस्थ मानी जाती है जब तक वह राष्ट्रहित से जुड़ी रहे। लेकिन जब राजनीति केवल विरोध के लिए विरोध करने लगे और राष्ट्रीय संकटों को भी अवसर की तरह देखने लगे, तब वह लोकतंत्र को कमजोर करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूरा देश एक परिवार की तरह सोचते हुए राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि माने। संकट के समय संयम, अनुशासन और सहयोग ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। भारत ने इतिहास में अनेक बार यह सिद्ध किया है कि जब भी राष्ट्र पर संकट आया, भारतीय समाज ने अद्भुत त्याग और एकता का परिचय दिया। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर युद्धकाल तक, भारतीय जनता ने अपने निजी हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को महत्व दिया है। आज फिर वही समय है जब हमें समझना होगा कि अनावश्यक उपभोग, दिखावे की प्रवृत्ति और अंधाधुंध विलासिता अंततः देश की आर्थिक मजबूती को कमजोर करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को इसी व्यापक संदर्भ में देखने की आवश्यकता है। यह केवल सोना न खरीदने या ईंधन बचाने का संदेश नहीं, बल्कि आत्मसंयम, आत्मअनुशासन और राष्ट्रीय जिम्मेदारी का संदेश है।

# उर्वरक उपयोग में कमी से आएगा व्यापक बदलाव

**देश में करीब 600 लाख टन उर्वरकों की खपत है जिसके साल 2030 तक 700 से 800 लाख टन तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह है कि रासायनिक उर्वरकों में देश की मांग के शत-प्रतिशत पोटाश की विदेशों से आयात पर निर्भरता है तो फास्फेट के तकरीबन 90 प्रतिशत और यूरिया के करीब 25 प्रतिशत तक आयात पर निर्भरता है।**

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले दिनों देशवासियों से किये गए सात आग्रहों में से एक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कमी लाने का है। इसमें दो राय नहीं कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुध उपयोग के दुष्परिणामों को लेकर गत कई सालों से गंभीर आग्रह किये जा रहे हैं। प्रति हेक्टेयर कृषि उत्पादन सेचुरेशन स्तर पर पहुंच गया है तो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंच रहा है, मिट्टी और जल प्रदूषण उच्च स्तर पर पहुंच गया है तो रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से कैंसर जैसी बीमारियों का दायरा बहुत अधिक बढ़ गया है। यहां तक कि अत्यधिक खाद्यान्न उत्पादन वाले किसान और प्रदेश अपने दैनिक उपभोग के लिए जैविक खाद्यान्न या अन्य प्रदेशों के खाद्यान्न के उपयोग पर जोर देने लगे हैं। यह भी तथ्य है कि देश में लाख प्रयासों के बावजूद रासायनिक उर्वरकों का आयात लगातार बढ़ रहा है। विदेशों से 979 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात में से ईंधन के बाद बहुत अधिक आयात राशि उर्वरकों पर भी व्यय होती है।

देश में करीब 600 लाख टन उर्वरकों की खपत है जिसके साल 2030 तक 700 से 800 लाख टन तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह है कि रासायनिक उर्वरकों में देश की मांग के शत-प्रतिशत पोटाश की विदेशों से आयात पर निर्भरता है तो फास्फेट के तकरीबन 90 प्रतिशत और यूरिया के करीब 25 प्रतिशत तक आयात पर निर्भरता है। यूरिया की आयात निर्भरता करीब 25 प्रतिशत तक है पर यूरिया उत्पादन के लिए काम में आने वाली प्राकृतिक गैस की जरुरत करीब 80 प्रतिशत तक विदेशों से आयात से ही संभव हो पाती है। एक मोटे अनुमान के अनुसार रासायनिक उर्वरकों पर दो लाख करोड़ के आसपास अनुदान राशि दी जा रही है।

प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक कटौती का आग्रह किया है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने के लिए जहां एक और जैविक खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं पीएम प्रणाम योजना में राज्यों को प्रोत्साहित करने की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री का आग्रह है कि 10 प्रतिशत फर्मेंटेड खाद का उपयोग बढ़ाकर किसान बड़ा सहयोग दे सकते हैं। जून 2023 में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को सीमित करने को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार ने प्रोत्साहन योजना लागू की है। योजना के अनुसार रासायनिक उर्वरकों के तीन साल के औसत उपयोग से खपत कम करने पर अनुदान के रुप में बचाई गई राशि की 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकारों को प्रोत्साहन के रुप में देने की व्यवस्था की गई है। इसमें से 70 प्रतिशत राशि गांवों में वैकल्पिक उर्वरक यानी जैविक खाद उत्पादन व तकनीक के विस्तार पर व्यय करने पर जोर दिया जा रहा है वहीं, 30 प्रतिशत राशि रासायनिक उर्वरकों की खपत करने के लिए काश्तकारों को जागरुक करने, अवेयरनेस कार्यक्रम चलाने आदि पर व्यय करने का प्रावधान है।

विशेषज्ञों का मानना है कि फर्मेंटेड खाद के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों की खपत में अच्छी खासा कमी लाई जा सकती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फर्मेंटेड खाद मिलाने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री बीजेयूआर कार्यक्रम के तहत मिट्टी की जांच का जो व्यापक कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसका उद्देश्य भी यही है कि खेत की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का उपयोग किया जाए। अंधाधुंध उपयोग रोक कर मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखना है।

यह सबके संज्ञान में है कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के कारण खेतों की मिट्टी की उपजाऊ क्षमता प्रभावित हो रही है। भूजल का अत्यधिक दोहन होने से भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, वहीं रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के कारण खतरनाक स्तर पर प्रदूषित हो रहा है। जैविक विविधता प्रभावित हो रही है तो खेती के सहायक कीटनाशकों का अस्तित्व ही समाप्त होने को है। इसके अलावा खाद्यान्नों के विषैला होने व इन खाद्यान्नों के उपयोग से बीमारियों का दायरा तेजी से बढ़ता जा रहा है। इतना सबकुछ होने के बावजूद रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। साल 2025-26 के आंकड़ों की ही बात करें तो यूरिया में 138 प्रतिशत, डीएपी के उपयोग में 94 प्रतिशत और एनपीके के उपयोग में 83 प्रतिशत के आसपास बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में प्रधानमंत्री के आग्रह के निहितार्थ को समझना होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आग्रह इस मायने में बहस का मुद्दा नहीं होना चाहिए कि सरकार देश की जरुरतों को पूरा नहीं कर पा रही। अपितु गंभीर चिंतन की बात यह है कि हम परंपरागत खेती या जैविक खेती को बढ़ावा देकर आने वाली पीढ़ी और जल-मिट्टी, वायु के प्रदूषण को कम करने में भागीदार बन सकते हैं। केवल 10 प्रतिशत फर्मेंटेड खाद मिलाने से ही बहुत बड़ा सकारात्मक बदलाव देखा जा सकता है। 50 प्रतिशत तक आयात निर्भरता कम की जा सकती है। आज हम रुस, ओमान, सउदी अरब, मोरक्को, चीन आदि पर उर्वरकों के आयात के लिए निर्भर हैं। अरबों डालर आयात पर खर्च करके भी इसके जरिये हमें प्रदूषण और सेहत से खिलवाड़ मिल रहा है।

हालांकि आज अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आसन्न संकट को देखते हुए दूरदृष्टि पूर्ण 7 आग्रहों को प्रतिपक्ष आलोचना के स्तर पर ले रहा है पर यह नहीं भूलना चाहिए कि पीएम प्रणाम कार्यक्रम जून 23 से चलाया जा रहा है तो पीएमबीजेयूआर कार्यक्रम जो कि खेत की मिट्टी की जांच से जुड़ा कार्यक्रम है, वह वर्षों से जारी है। इसके साथ ही आज कृषि वैज्ञानिक बार-बार आग्रह कर रहे हैं कि उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग घातक स्तर पर पहुंच रहा है। पंजाब और उससे सटते इलाकों में खेती के हालात बयां कर रहे हैं। ऐसे में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत कमी के आग्रह को सकारात्मक लिया जाना चाहिए। इस बहाने हमें खेती को सही दिशा देने का अवसर मिला है। खरीफ की बुवाई में ही इस पर अमल किया जा सकता है। खेती और पर्यावरण से जुड़े सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं को प्रोएक्टिव रोल अपनाते हुए आगे आना होगा। यह एक अवसर मिला है और इस अवसर का सकारात्मक उपयोग को देश की खेती किसानी को नई दिशा दी जा सकती है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# कार पर सस्ता, शिक्षा ऋण पर ब्याज दर ज्यादा क्यों

**विडंबना यह है कि आज भारत में कार खरीदना आसान हो रहा है लेकिन उच्च शिक्षा प्राप्त करना लगातार कठिन और महँगा होता जा रहा है। बैंक आपको नई कार खरीदने के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर तुरंत ऋण देने को तैयार मिल जाएंगे, परंतु वही बैंक जब किसी विद्यार्थी को शिक्षा ऋण देते हैं तो ब्याज दरें बढ़ जाती हैं, नियम कठोर हो जाते हैं और भविष्य को जोखिम मान लिया जाता है।**

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत जैसे विकासशील देश में शिक्षा को हमेशा राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है। हम अक्सर कहते हैं कि युवा देश का भविष्य हैं, शिक्षा समाज की रीढ़ है और ज्ञान ही विकास का आधार है। लेकिन जब व्यवहारिक व्यवस्था को देखा जाता है तो तस्वीर कुछ और दिखाई देती है। विडंबना यह है कि आज भारत में कार खरीदना आसान हो रहा है लेकिन उच्च शिक्षा प्राप्त करना लगातार कठिन और महँगा होता जा रहा है। बैंक आपको नई कार खरीदने के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर तुरंत ऋण देने को तैयार मिल जाएंगे, परंतु वही बैंक जब किसी विद्यार्थी को शिक्षा ऋण देते हैं तो ब्याज दरें बढ़ जाती हैं, नियम कठोर हो जाते हैं और भविष्य को जोखिम मान लिया जाता है। यह स्थिति केवल बैंकिंग प्रणाली की तकनीकी समस्या नहीं बल्कि हमारी सामाजिक और आर्थिक प्राथमिकताओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न भी है।

आज भारत में उच्च शिक्षा का खर्च सामान्य परिवारों के सामर्थ्य से बाहर होता जा रहा है। मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, लॉ, निजी विश्वविद्यालयों की पढ़ाई या विदेश में शिक्षा—हर क्षेत्र में फीस लाखों में पहुँच चुकी है। मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए वर्षों की बचत लगा देते हैं, गहने बेचते हैं, भविष्य निधि तोड़ते हैं, फिर भी शिक्षा ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है। दुखद स्थिति यह है कि जिस शिक्षा से एक युवा का भविष्य बनना है, उसी पर सबसे अधिक ब्याज का बोझ लाद दिया जाता है। कार लोन की ब्याज दरें कई बार शिक्षा ऋण से कम होती हैं। अर्थात एक उपभोक्ता वस्तु खरीदना शिक्षा प्राप्त करने से सस्ता पड़ता है। यह केवल आर्थिक असंतुलन नहीं बल्कि सामाजिक सोच की भी त्रासदी है। बैंकिंग व्यवस्था का तर्क यह होता है कि कार लोन सुरक्षित होता है क्योंकि वाहन बैंक के लिए गिरवी संपत्ति का काम करता है। यदि ऋण लेने वाला व्यक्ति भुगतान न करे तो कार जब्त की जा सकती है। लेकिन शिक्षा ऋण में बैंक के पास कोई भौतिक संपत्ति नहीं होती। वहाँ केवल छात्र की योग्यता, उसकी डिग्री और उसका भविष्य होता है। इसलिए बैंक इसे जोखिमपूर्ण निवेश मानते हैं। यह तर्क बैंकिंग दृष्टि से भले सही प्रतीत हो लेकिन राष्ट्रीय दृष्टि से अत्यंत संकीर्ण है। किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ा निवेश उसकी युवा पीढ़ी होती है। एक छात्र जब डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधकर्ता या प्रशासक बनता है तो उसका लाभ केवल व्यक्तिगत नहीं होता, पूरा समाज उससे लाभान्वित होता है। ऐसे में शिक्षा ऋण को केवल व्यापारिक उत्पाद की तरह देखना दूरदर्शिता नहीं कहलाएगा। वर्तमान समय में शिक्षा ऋण केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि मानसिक दबाव का कारण भी बनता जा रहा है। लाखों विद्यार्थी पढ़ाई पूरी होने से पहले ही ईएमआई और ब्याज की चिंता में घिर जाते हैं। नौकरी मिलने से पहले ही कर्ज का भय उन्हें परेशान करने लगता है। कई छात्र अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुसार करियर चुनने के बजाय केवल अधिक वेतन वाली नौकरियों की ओर इसलिए भागते हैं ताकि ऋण चुका सकें। परिणामस्वरूप शोध, अध्यापन, साहित्य, सामाजिक सेवा और कला जैसे क्षेत्रों में प्रतिभाशाली युवाओं की संख्या घटती जा रही है। समाज धीरे-धीरे केवल वेतन आधारित सफलता का समर्थक बनता जा रहा है। इस समस्या का सबसे अधिक प्रभाव भारतीय मध्यम वर्ग पर पड़ता है। आर्थिक रूप से संपन्न परिवार महँगी शिक्षा का खर्च आसानी से उठा लेते हैं। गरीब वर्ग के लिए सरकार की कुछ योजनाएँ और छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध होती हैं। लेकिन सबसे अधिक संघर्ष उस वर्ग को करना पड़ता है जो ह्लगरीबह्व की श्रेणी में नहीं आता, फिर भी लाखों रुपये की फीस वहन करने में सक्षम नहीं होता। ऐसे परिवारों के लिए शिक्षा ऋण मजबूरी बन जाता है। एक पिता पूरी जिंदगी की कमाई बेटे या बेटी की पढ़ाई में लगा देता है, इस उम्मीद के साथ कि शिक्षा भविष्य को सुरक्षित करेगी। लेकिन जब उसी शिक्षा पर भारी ब्याज लग जाता है, तो वह सपना धीरे-धीरे आर्थिक बोझ में बदलने लगता है।

आज भारत में शिक्षा का निजीकरण तेजी से बढ़ा है। सरकारी संस्थानों की सीमित सीटों के कारण लाखों छात्रों को निजी कॉलेजों का रुख करना पड़ता है। वहाँ फीस इतनी अधिक होती है कि सामान्य परिवारों के लिए बिना ऋण के पढ़ाई संभव नहीं रह जाती। कई बार छात्र केवल फीस और ब्याज के कारण अपने सपनों के संस्थान छोड़ देते हैं। प्रतिभा आर्थिक क्षमता के सामने हार जाती है। यह स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक और प्रगतिशील समाज के लिए चिंताजनक है। यह भी विचारणीय है कि आज के समय में शिक्षा केवल व्यक्तिगत प्रगति का माध्यम नहीं रही बल्कि आर्थिक और सामाजिक अस्तित्व की आवश्यकता बन चुकी है। बिना उच्च शिक्षा के बेहतर रोजगार प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। ऐसे में यदि शिक्षा ही महँगी और ऋण बोझिल होगा तो सामाजिक असमानता और बढ़ेगी। जो परिवार आर्थिक रूप से मजबूत हैं, वे आगे निकल जाएंगे, जबकि सीमित साधनों वाले प्रतिभाशाली छात्र पीछे छूटते चले जाएंगे। यह केवल व्यक्ति की हानि नहीं होगी बल्कि देश अपनी संभावित प्रतिभाओं को खो देगा। भारत सरकार को इस दिशा में गंभीर और दीर्घकालिक कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले शिक्षा ऋण की ब्याज दरों को नियंत्रित किया जाना चाहिए। यदि सरकार वाहन उद्योग, रियल एस्टेट और अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए विशेष आर्थिक नीतियाँ बना सकती है तो शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र के लिए अलग वित्तीय नीति क्यों नहीं बनाई जा सकती? शिक्षा ऋण पर ब्याज न्यूनतम होना चाहिए और पढ़ाई पूरी होने तक ब्याज स्थगन की व्यवस्था व्यापक स्तर पर लागू की जानी चाहिए।

इसके अतिरिक्त रोजगार मिलने तक ऋण पुनर्भुगतान में लचीलापन होना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था में कई छात्रों पर डिग्री पूरी होते ही ईएमआई का दबाव शुरू हो जाता है, जबकि नौकरी मिलने में समय लग सकता है। यह मानसिक तनाव युवाओं की ऊर्जा और आत्मविश्वास दोनों को प्रभावित करता है। यदि सरकार और बैंक छात्रों को कुछ वर्षों का व्यावहारिक समय दें तो वे अपने करियर को अधिक स्थिरता के साथ शुरू कर पाएंगे।

शिक्षा ऋण के साथ करियर आधारित सहायता मॉडल भी विकसित किए जाने चाहिए। उदाहरण के लिए यदि कोई छात्र शोध, अध्यापन, सामाजिक सेवा या ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करना चाहता है तो उसके ऋण में विशेष छूट दी जा सकती है। इससे समाज के आवश्यक लेकिन कम वेतन वाले क्षेत्रों में भी प्रतिभाशाली युवाओं का आकर्षण बना रहेगा।

दुनिया के कई विकसित देशों में शिक्षा को सामाजिक निवेश माना जाता है। वहाँ सरकारें छात्रों को कम ब्याज पर ऋण, छात्रवृत्ति और आय आधारित पुनर्भुगतान जैसी सुविधाएँ देती हैं। भारत में भी यदि हम ह्लविश्वगुरुह्व बनने की कल्पना करते हैं तो हमें युवाओं को कर्ज के भय से मुक्त करना होगा। केवल भाषणों और नारों से ज्ञान आधारित समाज नहीं बनता, उसके लिए व्यवहारिक आर्थिक समर्थन भी आवश्यक होता है। यह सच है कि बैंकिंग व्यवस्था को भी अपने आर्थिक हित देखने होते हैं लेकिन शिक्षा को केवल लाभ-हानि के चश्मे से नहीं देखा जा सकता। कार सड़क पर चलती है लेकिन शिक्षा समाज को आगे बढ़ाती है। वाहन सुविधा देता है लेकिन ज्ञान राष्ट्र का भविष्य गढ़ता है। यदि कार लोन सस्ता और शिक्षा ऋण महँगा है तो यह हमारी प्राथमिकताओं के असंतुलन का संकेत है।


आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा को उपभोग नहीं, निवेश माना जाए। एक शिक्षित युवा केवल अपनी जिंदगी नहीं बदलता, वह परिवार, समाज और राष्ट्र की दिशा भी बदल सकता है। इसलिए शिक्षा पर लगाया गया हर रुपया भविष्य की नींव होता है। सरकार, बैंकिंग संस्थानों और समाज- तीनों को मिलकर यह समझना होगा कि यदि प्रतिभा आर्थिक बोझ के नीचे दब गई, तो देश का विकास भी अधूरा रह जाएगा। जिस दिन भारत में शिक्षा ऋण को बोझ नहीं, अवसर की तरह देखा जाने लगेगा, उस दिन शायद किसी विद्यार्थी को अपने सपनों की कीमत भारी ब्याज में नहीं चुकानी पड़ेगी। तभी शिक्षा वास्तव में अधिकार बनेगी, सुविधा नहीं।

# वरदा चतुर्थी पर पाएं गणेश जी की कृपा

आज यानी 22 मई, शुक्रवार को वरदा चतुर्थी मनाई जा रही है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान गणेश जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। ज्येष्ठ अधिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर वरदा चतुर्थी मनाई जाती है। वरदा चतुर्थी के दिन श्री गणेश की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। आइए आपको इस लेख में वरदा चतुर्थी की पूजा विधि मंत्र और आरती बताते हैं, जिससे आपकी पूजा सफल हो जाए और किसी भी तरह की कोई बाधा न आए।

### गणेश जी की पूजा विधि

- इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करके और साफ वस्त्र पहनें।
- अब घर के मंदिर की अच्छे से सफाई करें और इसके बाद एक लकड़ी की चौकी पर लाल या हरा कपड़ा बिछाएं।
- चौकी पर गणेश जी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें और साथ ही मंगल कलश रखें।
- इसके बाद गणेश जी की मूर्ति को दूध, दही, घी, शहद और



चीनी के मिश्रण (पंचामृत) से स्नान कराएं, फिर साफ जल से स्नान कराएं।

- अब बप्पा को वस्त्र, जनेऊ, चंदन का तिलक, धूप-दीप और फूल अर्पित करें।
- भगवान गणेश जी की सबसे प्रिय दूर्वा (दूब घास) जरुर अर्पित करें।
- गणेश जी को मोदक और गुड़ का भोग लगाएं।
- इसके बाद गणपति मंत्रों का जप करें और पूरी श्रद्धा भाव के साथ उनकी आरती गाएं।
- आखिर में सभी लोगों में प्रसाद वितरित करें।

### वरदा चतुर्थी शुभ मुहूर्त

माना जाता है कि चतुर्थी के दिन चंद्र दर्शन करने से मिथ्या कलंक या अपयश का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए इस तिथि पर चंद्रमा देखने से बचें। वरदा चतुर्थी के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त कुछ इस प्रकार है-

चतुर्थी मध्याह्न मुहूर्त - सुबह 10 बजकर 56 मिनट से सुबह 11 बजकर 6 मिनट तक

-एक दिन पूर्व, वर्जित चंद्र दर्शन का समय - दोपहर 2 बजकर 18 मिनट से रात 10 बजकर 13 मिनट तक (19 मई)

-वर्जित चंद्र दर्शन का समय - सुबह 8 बजकर 43 मिनट से सुबह 11 बजकर 8 मिनट तक

गणेश जी की आरती

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा,

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in **email :** metrorays.ranchi@gmail.com

# शांति सौहार्द और सुरक्षा के साथ मनाया जाएगा बकरीद : उपायुक्त

- अफवाह, हुड़दंग और अवैध गतिविधियों पर रहेगी कड़ी नजर
- बकरीद को लेकर प्रशासन ने तैयार की व्यापक कार्ययोजना



संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में आगामी बकरीद-2026 पर्व के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, नगर निकाय, विद्युत विभाग, पेयजल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, परिवहन विभाग, उत्पाद विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।बैठक का उद्देश्य बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराना था। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा, अफवाह अथवा विधि-व्यवस्था संबंधी समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं संवेदनशील है तथा पर्व के दौरान नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। जबकि

उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिले के सभी थाना क्षेत्रों अंतर्गत नमाज अदा किए जाने वाले स्थानों की जानकारी ली। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें। साथ ही सभी संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरा एवं सीसीटीवी कैमरा से विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी स्थानीय जन प्रतिनिधियों शांति समिति के सदस्यों के साथ नियमित संवाद स्थापित रखें ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। उपायुक्त ने पुलिस प्रशासन को निर्देश देते हुए कहा कि पर्व के दौरान सभी प्रमुख चौक-चौराहों, ईदगाहों, मस्जिदों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए। त्योहार के दौरान युवाओं द्वारा बाइक पर खतरनाक एवं अनियंत्रित ड्राइविंग पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया गया। ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर भारी जुमार्ना लगाऐ। उत्पाद अधीक्षक और अनुमंडल पदाधिकारीयों को निर्देशित किया गया कि पर्व से तीन दिन पूर्व से ही अवैध शराब युवाओं में बढ़ते अन्य नशों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाकर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए। जिसमें सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक अथवा अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले या भड़काऊ पोस्ट डालने वालों के विरुद्ध कठोरतम निरोधात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था की भी विस्तार से समीक्षा की गई। कचरा निस्तारण वाहनों को सुबह से ही सक्रिय रखने व साफ-सफाई के लिए पर्याप्त संख्या में पानी के टैंकर उपलब्ध कराऐ एवं सफाईकर्मियोंकचरा वाहनों में ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें । पेयजल विभाग को सभी क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें । वहीं विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सदर अस्पताल में आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएएम्बुलेंस आवश्यक दवाओं के साथ विशेष मेडिकल टीम को मुस्तैद रखें ।बैठक में अग्निशमन विभाग को भी पूरी तरह सतर्क रहने को है।परिवहन विभाग को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## त्वरित मुआवजा प्रक्रिया सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



संवाददाता

**साहिबगंज:**समाहरणालय स्थित एनएलसी कार्यालय साहिबगंज में आईआरएडी,इडीएआर प्रणाली से संबंधित एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में त्वरित डाटा प्रबंधन, पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराना तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना था।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को इडीएआर प्रणाली के माध्यम से सड़क दुर्घटना पीड़ितों को निर्धारित समय सीमा के भीतर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया कि सभी सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि आईआरएडी,इडीएआर पोर्टल पर समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत रूप से की जाए, ताकि दुर्घटनाओं के विश्लेषण एवं त्वरित कार्रवाई में सुविधा हो सके।प्रशिक्षण सत्र में एल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच की वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त एचआईटी एएनडी आरयुएन मामलों के प्रभावी प्रबंधन से संबंधित दिशा-निर्देशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई, ताकि ऐसे मामलों में पीड़ितों को शीघ्र राहत एवं न्याय सुनिश्चित किया जा सके।कार्यक्रम के दौरान नेक नागरिक प्रावधानों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले नागरिकों को कानून द्वारा संरक्षण एवं प्रोत्साहन प्रदान किया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग मानवता के नाते आगे आकर घायलों की मदद कर सकें।इस अवसर पर बरहेट थाना प्रभारी श्री विजय कुमार रमणी, थाना के अनुसंधान पदाधिकारी मैनेजर श्री मनोज कुमार,साहिबगंज के प्रतिनिधि तथा थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन से सड़क दुर्घटना नियंत्रण, डिजिटल डाटा प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा तंत्र को नई मजबूती मिलने की उम्मीद व्यक्त की गई। अधिकारियों ने कहा कि आधुनिक तकनीक आधारित प्रणाली सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग एवं पीड़ित सहायता

## जीरो डोज इंप्लीमेंटेशन प्लान पर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित



संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा:** प्रखंड के चांदशहर पंचायत सचिवालय में गुरुवार को जीरो डोज इंप्लीमेंटेशन प्लान एवं रूटीन इम्यूनाइजेशन कार्यक्रम को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में पंचायत की सभी सहिया, स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नियमित टीकाकरण के महत्व और बच्चों को समय पर टीका दिलाने के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान अनुमंडलीय समन्वयक विनोद कुमार शर्मा, तन्मय कुमार सिंहा एवं राकेश वर्मा ने गलघोंटू, काली खांसी, टिटनेस, हेपेटाइटिस, हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा तथा एचपीवी वैक्सीन समेत विभिन्न टीकों की जानकारी दी। स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। इससे बाल मृत्यु दर में कमी आती है और पूरे समुदाय को रोगों के प्रकोप से सुरक्षा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का टीकाकरण कराना उसका अधिकार है और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर यह सुविधा सुरक्षित, प्रभावी एवं निःशुल्क उपलब्ध है। कार्यशाला में बताया गया कि समय पर टीकाकरण नहीं होने से बच्चों में गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। पेंटावेलेंट पेंटा टीका बच्चों को पांच प्रकार की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से टीकाकरण सत्र में ले जाकर सभी जरूरी टीके दिलाने की अपील की। मौके पर सीएचओ अंजना टोप्पो, अनुमंडलीय समन्वयक विनोद कुमार शर्मा, तन्मय कुमार सिंहा, राकेश वर्मा सहित सहिया नेहा कुमारी, ताजमीरा बीबी, हुस्नारा बीबी, परवीन बीबी, असमीना बीबी, असीमा खातून, नंदनी कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण के प्रति किया गया जागरूक



संवाददाता

**साहिबगंज :**जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी साहिबगंज डॉ0 किरण माला के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बोरियो अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोतीचौकी पंगरो में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 8वीं एवं 9वीं की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को नियमित टीकाकरण के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एचपीवी वायरस के प्रकार, संक्रमण के कारण संभावित दुष्प्रभाव व इससे बचाव के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बताया गया कि एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव में अत्यंत प्रभावी एवं सुरक्षित है। छात्राओं एवं विद्यालय परिवार को जानकारी दी गई कि अभिभावकों द्वारा सहमति पत्र पर अनुमति प्रदान किए जाने के उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर एचपीवी वैक्सीन का सिंगल डोज दिया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षा सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सरल एवं वैज्ञानिक तरीके से उत्तर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे किशोरियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों व अभिभावकों से अपील की गई कि वे एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम में सहयोग करें । किशोरियों को समय पर टीकाकरण हेतु प्रेरित करें, ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक मनाई दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि



संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा:**झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली के नेतृत्व में गुरुवार को स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि श्रद्धा सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान झामुमो कार्यकताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर नेताओं एवं कार्यकताओं ने कहा कि स्व. दुर्गा सोरेन ने झारखंड आंदोलन और संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके विचार एवं संघर्ष आज भी कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मौके पर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य एखलाखुर रहमान, प्रखंड सचिव विश्वजीत मंडल, कोषाध्यक्ष मो. अब्दुल शेख, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अनवारूल हक, साबिना आसमिन, सकल हेंब्रम, वर्णवास सोरेन, कीनू सोरेन, जैनुल आबेदीन, आलम शेख, मदन मंडल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच किया फल वितरण



संवाददाता

**साहिबगंज:**जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व मे भारत रत्न भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने आधुनिक भारत के निमार्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर देश के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया।इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह साहेबगंज जिला प्रभारी डॉ मुन्नम संजय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने स्व.राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा की समाप्ति के पश्चात जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में सभी कांग्रेसजन साहेबगंज सदर अस्पताल पहुंचे।वहां उन्होंने भर्ती मरीजों के बीच फल वितरण किया और अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा स्व. राजीव गांधी जी ने 21वीं सदी के भारत की नींव रखी।कंप्यूटर क्रांति, पंचायती राज, 18 वर्ष में मताधिकार और दूरसंचार क्रांति उनकी दूरदर्शिता का परिणाम है।साहेबगंज जिला कांग्रेस उनके 'नव भारत' के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।आज हमने सदर अस्पताल में फल बांटकर उनके 'सेवा ही धर्म' के संदेश को आगे बढ़ाया है।कांग्रेस गठबंधन सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है,हमारा प्रयास है कि राजीव जी के विजन के अनुरूप हर गरीब को बेहतर इलाज मिले।प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह जिला प्रभारी डॉ मुन्नम संजय ने कहा कि राजीव जी शहादत दिवस हमारे लिए संकल्प दिवस है।उन्होंने देश को दुनिया की महाशक्ति बनाने का जो सपना देखा था,उसे कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पूरा करेगा। साहिबगंज की यह 50 सदस्यीय नई टीम बूथ स्तर तक उनके विचारों को ले जा रही है।झारखंड में कांग्रेस गठबंधन की सरकार जनता की सेवा में लगी है। सदर अस्पताल का दौरा कर हमने मरीजों का हाल जाना है।हमारी सरकार राजीव जी के रास्ते पर चलकर स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार को प्राथमिकता दे रही है।साहेबगंज के कार्यकताओं का जोश बता रहा है कि 2029 में भी जनता का आशीर्वाद कांग्रेस को ही मिलता रहेगा।मौके पर अनुकूल चन्द्र मिश्रा, मुर्शादअली मो कलीमुद्दीन बासुकीनाथ यादव,उमेश पाण्डेय,सुनील पासवान, सरफराज आलम, नित्यानंद गुप्ता,राम श्रृंगार ओझा,रिजवान अंसारी,मो.सलाहुद्दीन,नूरजहां बीबी,उमेश तिवारी,दिलीप गुप्ता,कद्दाफी मुर्शाद,जामुन दास,अली कुरैशी,सतीश पासवान,अल्ताफ हुसैन परवेज आलम,शब्दुल अंसारी, नौशाद अंसारी सुभाष,हरिचरण पासवान,जाहिद आलम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज IN ब्रीफ

### दुर्गा सोरेन की 19वीं पुण्यतिथि झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाई



**साहिबगंज:**शहर के मछुआ सोसाइटी साहिबगंज में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर अध्यक्ष आदित्य यादव के नेतृत्व में झारखंड के वीर सपूत और झामुम पार्टी के संघर्षील नेता व जमा विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय दुर्गा सोरेन जी के 19वीं पुण्यतिथि झामुमो के कार्यकताओं के द्वारा मनाई गई।इस दौरान स्वर्गीय दुर्गा सोरेन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव,कोषाध्यक्ष सुरेश प्रसाद शाह, प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह,आफताब आलम,दीपा देवी,सिध्दिनाथ शर्मा, अभिषेक कुमार,मोहम्मद जमालुद्दीन, सरिता देवी,वारिस अनवर,शाह कमर, सोहेल,मोहम्मद शाहिद,विनोद यादव, विनीत कुमार,बबलू यादव आलोक ओझा,पिंकू मंडल,विवेक ओझा,सोनू सिंह,अंकित तंबाकूवाला,राहुल जायसवाल,वरुण तंबाकूवाला,हलचल, पीयूष कुमार यादव,रंजीत कुमार दास, सुभाष कुमार,मुकेश दास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जदयू की प्रमंडलीय बैठक मे संगठन मजबूती पर होगी चर्चा



**साहिबगंज:**जदयू के जिलाध्यक्ष सुनील सिन्हा की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय मे बैठक किया गया।बैठक मे शुक्रवार को होने वाला जदयू की प्रमंडलीय बैठक पर चर्चा किया गया।जिला अध्यक्ष सुनील सिन्हा ने बताया कि एलसी रोड स्थित छोटी धर्मशाला में 11 बजे जदयू की प्रमंडलीय बैठक होगी।इसमें संताल परगना के सभी छह जिलों के जिला अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।बैठक मे जदयू को और 'अधिक मजबूत बनाने की रणनीति तय की जाएगी।जदयू के जिलाध्यक्ष सुनील सिन्हा ने बताया कि बैठक में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य खीरू महतो,वरिष्ठ विधायक सरयू राय,पूर्व मंत्री सुधा चौधरी,पूर्व मंत्री राजा पीटर,पूर्व विधायक कामेश्वर दास शामिल होंगे।मौके पर साधु रविदास,जलील अहमद,वेदानंद झा,शेषनाथ यादव,शिव शंकर पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दरवाजे के पास हुए विवाद में महिला घायल, मामला दर्ज

**साहिबगंज/उधवा:** राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी सरफराजगंज पंचायत के इंग्लिश गांव में मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़ित फारुख शेख ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दर्ज शिकायत में पीड़ित ने आरोप लगाया है कि बीती रात वह अपने परिवार के साथ घर में मौजूद थे। इसी दौरान सरवर शेख और रमजान शेख आपस में लड़ाई-झगड़ा करते हुए उनके दरवाजे के पास पहुंच गए। शोर-शराबा सुनकर उनकी पुत्रवधू घर से बाहर निकली और दोनों को दरवाजे से हट जाने को कहा। आरोप है कि इसी बात पर सरवर शेख ने हाथ में लिए लोहे के पलाश को फेंककर मार दिया, जो उनकी पुत्रवधू के सिर में जा लगा। घटना में उसका एक दांत भी टूट गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित ने आगे आरोप लगाया है कि इसी दौरान सनवारूल शेख उर्फ मिठून, सलीम शेख, रमजान शेख, चांद शेख, हबीब शेख, मनवारा बीबी तथा डेजी बीबी ने मिलकर धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की। घटना के बाद घायल महिला का इलाज कराया गया। वहीं मामले को लेकर राधानगर पुलिस ने पीड़ित के बयान पर आरोपियों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 167/26 दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### संत रोबर्ट बालिका उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

**हजारीबाग :** संत रोबर्ट बालिका उच्च विद्यालय, हजारीबाग में गुरुवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका के कुशल नेतृत्व में किया गया, जिसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर छात्राओं को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय की कुल 239 छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में भाग लिया था। इनमें 219 छात्राएं प्रथम श्रेणी तथा 20 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुईं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अपने संबोधन में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने छात्राओं की मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर कमला पन्ना ने सभी सफल छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सिस्टर करुणा, सिस्टर सविता, सिस्टर रेखा, सिस्टर अलमा, सर कुलेश्वर सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल छात्राओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

### बकरीद पर्व को लेकर दारू थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

दारू। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को दारू थाना परिसर में थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने कहा कि दारू प्रखंड आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द के लिए जाना जाता है।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों एवं अफवाहों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो इसकी सूचना तत्काल थाना प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।



# 'टॉक्सिक' की रिलीज टलने पर तारा सुतारिया का बड़ा बयान

'टॉक्सिक' पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी, फिर इसे जून के लिए शिफ्ट किया गया था। लेकिन अब इसकी कोई फाइनल रिलीज डेट अभी तक घोषित नहीं की गई है। इसपर अब तारा सुतारिया ने भी अपने विचार रखे हैं।

## बार-बार टल रही फिल्म की रिलीज डेट

यश स्टारर इस पैन-इंडिया फिल्म को लेकर बताया गया था कि मिडल ईस्ट में चल रहे हालात की वजह से रिलीज प्लान में बदलाव करना पड़ा। बाद में यह भी साफ किया गया कि फिल्म पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन टीम अभी इसकी ग्लोबल रिलीज और बड़े डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स को फाइनल करने में लगी हुई है, ताकि फिल्म को दुनिया भर में सही तरीके से रिलीज किया जा सके।

## फिल्म को लेकर क्या बोलीं तारा सुतारिया?

इसी बीच फिल्म की एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने बातचीत में इस देरी पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि वह इस पूरी स्थिति को बहुत समझदारी से देखती हैं। तारा ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं बहुत पेशेंस रखती हूं। मैं ये नहीं सोचती कि अगर फिल्म तुरंत रिलीज नहीं हुई तो क्या होगा। एक एक्टर के तौर पर आप फिल्म को सिर्फ अपनी नहीं मान सकते, यह पूरी टीम की होती है। उन्होंने आगे कहा कि कई बार बड़े फैसलों के पीछे सही वजहें होती हैं, जिन्हें प्रोड्यूसर्स और डायरेक्टर्स बेहतर समझते हैं। तारा ने यह भी कहा कि वह दर्शकों की एक्साइटमेंट को समझती हैं और खुद भी फिल्म का इंतजार कर रही हैं, लेकिन उनका मानना है कि यह इंतजार फिल्म के लिए फायदेमंद साबित होगा और इसे ग्लोबली बेहतर रिस्पॉन्स मिलेगा।



# 'गोलमाल 5' को लेकर तुषार कपूर ने दी बड़ी अपडेट

हाल ही में तुषार कपूर ने फिल्म 'गोलमाल 5' को लेकर एक अपडेट दी है। उन्होंने टीम के साथ एक सेल्फी शेयर की है। इस पर अभिनेता और फैंस ने कमेंट किए हैं। एक्टर तुषार कपूर अपनी अपकमिंग फिल्म 'गोलमाल 5' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट दी है। तुषार कपूर ने अपनी टीम के साथ एक सेल्फी शेयर की। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी है। तुषार कपूर ने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की है। इसमें वह अपनी टीम के साथ नजर आ रहे हैं। उन्होंने इसके कैप्शन में लिखा है 'शेड्यूल रैप सेल्फी। गोलमाल 5, 79 दिन की कड़ी मेहनत, जुनून और दिन-रात शूटिंग, नींद की झपकी और छुट्टियां। लेकिन पिक्चर अभी बाकी है।'



# 'छावा' के बाद नहीं आई एक भी पिक्चर

बॉलीवुड एक्टर विकी कौशल ने पिछले साल 'छावा' के जरिए बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था. उनकी इस फिल्म को जबरदस्त सफलता हासिल हुई थी. वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने 800 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी. फरवरी 2025 में रिलीज हुई इस पिक्चर के बाद से विकी की कोई भी नई फिल्म नहीं आई है. फैंस भी उनकी अगली फिल्म के इंतजार में हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि उनकी अगली फिल्म कौन सी है और कब तक रिलीज होगी. अभी विकी के पास तीन फिल्में हैं. दो फिल्में पूरी तरह से कंफर्म हैं और तीसरी फिल्म पर भी बातचीत चल रही है. अगर तीसरी फिल्म पर भी बात बन गई तो वो आमिर खान के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे.

लव एंड वॉर

पहली फिल्म है एसएस राजमौली के डायरेक्शन में बनी 'लव एंड वॉर'. पहले ये फिल्म साल 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने के लिए तय थी. पर फिर इसे साल 2026 के लिए पोस्टपोन कर दिया गया था.

पेरेंटिंग पर बोलीं शेफाली शाह

# 'बेटों की परवरिश सही होगी, तो हमारी बेटियां महफूज रहेंगी'



अभिनेत्री शेफाली शाह ने बच्चों की परवरिश को लेकर अपना नजरिया पेश किया है। खासकर ऐसी दुनिया में, जहां अल्फा मेल कल्चर और पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं को लेकर जोरदार बहसें चल रही हैं। शेफाली ने बताया कि उन्होंने अपने दोनों बेटों को परवरिश का एक बेहद सीधा-सादा नियम सिखाया है और उनका मानना है कि अच्छी परवरिश के नतीजे सामने आने से बहुत पहले ही इसकी शुरुआत हो जाती है।

अल्फा मेल और ट्रेडिशनल पत्नी वाली सोच से कैसे निपटा जाए?

शेफाली शाह ने मां बनने और बेटों की परवरिश के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर इस बारे में बेझिझक अपनी बात रखी। एक्ट्रेस से जब पूछा गया कि दो बेटों की परवरिश करते समय 'अल्फा मेल' और 'पारंपरिक पत्नी' वाली सोच से कैसे निपटा जाए?

इस पर अभिनेत्री ने कहा, 'हमारी बेटियां तभी सुरक्षित रहेंगी, जब हमारे बेटों की परवरिश सही तरीके से होगी। मैंने एक ऐसी बात सोची जो मैंने उन्हें बताई और मुझे लगता है कि यह बात हर किसी पर लागू होती है। आप दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करें, जैसा आप खुद अपने साथ होने की उम्मीद करते हैं। यह सच में आसान है। इसमें न कुछ ज्यादा है और न ही कुछ कम'।



अपने 38 साल के

# करियर में सलमान खान ने कभी नहीं पढ़ी स्क्रिप्ट?

**बॉलीवुड** के भाईजान सलमान खान का पूरा फोकस इस वक्त अपने अगले प्रोजेक्ट पर है. जिसे वामशी पेडिपल्ली बना रहे हैं. साथ ही 'मातृभूमि' बनकर तैयार है, पर फिल्म को हरी झंडी कब मिलेगी. यह हर कोई जानने के लिए उत्सुक है. इसी बीच सलमान खान ने खुद को लेकर बड़ा खुलासा कर दिया. साथ ही कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में कभी स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी. बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान इस साल बड़ी वापसी की तैयारी में हैं. पर चीजें उससे पहले ही फंस गई. जी हां, उनकी अगली फिल्म 'मातृभूमि' है, जिसका फिलहाल काम खत्म हो चुका है. पर अब भी रिलीज डेट का इंतजार है और कब आएगी यह खुद सलमान भी नहीं जानते हैं. एक्टर ने अगली फिल्म का काम शुरू कर दिया है. अभी वो वामशी पेडिपल्ली की एक्शन फिल्म का शूट कर रहे हैं. जिसके लिए जिम में खूब पसीना भी बहा रहे हैं. एक्टर इस वक्त अपने करियर के एक मुश्किल फेज से गुजर रहे हैं. क्योंकि पिछली कुछ फिल्में बॉक्स ऑफिस पर खास कमाई नहीं कर पाई है. लेकिन क्या आप जानते हैं अपने 38 साल के करियर में कभी स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी. पर ऐसा क्यों? खुद सलमान खान ने इस बारे में बात की है. बातचीत में काफी कुछ बताया. दरअसल एक्टर अपने घड़ी के कलेक्शन को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं. उनकी करोड़ों की वॉच सबका ध्यान खींचती हैं. जिसे लेकर एक्टर से सवाल हुआ, तो सलमान ने पूरा सच बता दिया. एक्टर ने लग्जरी घड़ियों की 1 करोड़ कीमत और वायरल तस्वीरों पर कहा- 'आप मुझे जो घड़ियां पहने देखते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि वो घड़ियां मेरी हैं. वो तो कभी इस दोस्त की होती हैं, तो कभी उस दोस्त की.'

## क्यों स्क्रिप्ट नही पढ़ते हैं सलमान?

सुपरस्टार सलमान खान ने फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था, जो साल 1988 में रिलीज हुई थी. वहीं, बतौर लीड एक्टर उनकी पहली फिल्म 'मैंने प्यार किया' थी. एक्टर 33 साल से हिंदी सिनेमा में एक्टिव हैं और कई बड़ी फिल्में अब भी दे रहे हैं. यहां तक कि खान्स ने नए एक्टर्स को भी कड़ी टक्कर दे रखी है. तो क्या सच में उन्होंने कभी अपने करियर में स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी? हाल ही में उन्होंने बताया- मैंने अपनी पूरी जिंदगी में कभी कोई स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी. मैंने उन्हें लिखा जरूर है, लेकिन कभी पढ़ा नहीं. दरअसल यह पहली बार नहीं है, जब उन्होंने बताया हो कि कैसे फिल्म को फाइनल करते हैं. दरअसल वो स्क्रिप्ट को पन्ना-दर-पन्ना पढ़ने के बजाय उसके मूड, ट्रीटमेंट और कमर्शियल पोटेंशियल को समझकर चीजें करते हैं. सलमान खान कुछ वक्त पहले मातृभमि के गाने और टीजर को लेकर ट्रोल हुए थे. पर उनकी फैन फॉलोइंग भी बहुत तगड़ी है. यही वजह है कि फिल्म कितना भी कम कमाए, लेकिन 100 करोड़ का कलेक्शन पार कर लेती है. सलमान खान को अगले कुछ प्रोजेक्ट्स पर खास फोकस करना होगा. क्योंकि इन फिल्मों से जबरदस्त कमबैक की जरूरत है, वरना दिक्कत होगी.

10 रुपये का निवेश करके

# आज करोड़ों पीट रही 'बालिका वधू' फेम ये अदाकारा



**चर्चित** सीरियल 'बालिका वधू' में गहना का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री नेहा मर्दा अब सफल बिजनेस वुमन हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिस बिजनेस से वे करोड़ों रुपये कमा रही हैं, उसकी नींव सिर्फ दस रुपये के निवेश से रखी थी। महंगाई के इस दौर में दस रुपये की कीमत शायद बहुत से लोग नहीं समझते होंगे। मगर, सूझबूझ से काम लिया जाए तो दस रुपये भी इंसान की तिजोरी भर सकते हैं। अभिनेत्री नेहा मर्दा ने इसकी मिसाल पेश की है। नेहा ने 'बालिका वधू' में गहना के रूप में अच्छी छाप छोड़ी थी। अब वे बिजनेस की दुनिया में हैं। उन्होंने अपना एक ब्यूटी प्रोडक्ट लॉन्च किया, जो फिटकरी से बना है। इसका आइडिया कैसे आया? इसकी कहानी भी कम दिलचस्प नहीं।

**क्या है नेहा मर्दा का बिजनेस? कैसे आया आइडिया?**

नेहा मर्दा एक ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनी चला रही है। उनकी कंपनी का यह प्रोडक्ट फिटकरी से बना है। दरअसल, यह फिटकरी का अंडरआर्म रोल-ऑन है। नेहा मर्दा को बिजनेस का विचार अपनी ही एक समस्या के चलते आया। दरअसल, प्रेग्नेंसी के बाद उनके शरीर में कुछ बदलाव हुए। इसी दौरान उन्हें महसूस हुआ कि शरीर से एक अजीब दुर्गंध आने लगी है।

**बाजार के प्रोडक्ट से नहीं मिली मदद**

नेहा ने उपाय के लिए बाजार में मौजूद तमाम ऑर्गेनिक प्रोडक्ट अपनाए, लेकिन खास मदद नहीं मिली। फिर वे डियोडरेंट इस्तेमाल करती रहीं।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल से अल-नस्त्र बना सऊदी प्रो लीग चैंपियन

एजेंसी

**नई दिल्ली** :अल-नस्त्र ने गुरुवार को दमदार प्रदर्शन करते हुए दमाक को 4-1 से हराकर सऊदी प्रो लीग 2025-26 का खिताब अपने नाम कर लिया। राजधानी रियाद के अल-अव्वल पार्क में खेले गए मुकाबले में स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह अल-नस्त्र का 2018-19 सीजन के बाद पहला लीग खिताब है। साथ ही रोनाल्डो ने भी सऊदी क्लब के साथ अपना पहला बड़ा खिताब जीत लिया। मैच के 33वें मिनट में सादियो माने ने जोआओ फेलिक्स के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर अल-नस्त्र को 1-0 की बढ़त दिलाई। पहले हाफ में फेलिक्स और माने लगातार दमाक की रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाते रहे। दूसरे हाफ में दमाक ने वापसी की कोशिश की और 58वें मिनट में मोरले सिल?ला ने पेनाल्टी पर गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि अल-नस्त्र ने तुरंत जवाब दिया। किंग्सले कोमान ने शानदार मूव बनाते हुए टीम को फिर बढ़त दिलाई। इसके बाद रोनाल्डो ने मैच पूरी तरह अपने नाम कर लिया। रोनाल्डो का पहला गोल फ्री-किक पर आया, जहां



उन्होंने बेहद कठिन कोण से गेंद को सीधे जाल में पहुंचा दिया। इसके बाद 81वें मिनट में कोमान के शानदार पास पर रोनाल्डो ने दूसरा गोल दागकर जीत और खिताब दोनों पक्के कर दिए। 41 वर्षीय रोनाल्डो पूरे मैच में शानदार लय में दिखे और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

अल-नस्त्र ने मुकाबले में 62 प्रतिशत से ज्यादा बॉल पजेशन अपने नाम रखा। टीम ने कुल 13 शॉट लगाए, जिनमें आठ निशाने पर रहे। दूसरी ओर दमाक सिर्फ तीन प्रयास ही कर सका। इस हार के साथ दमाक का रेलीगेशन भी तय हो गया, जबकि अल-नस्त्र के लिए यह जीत लंबे इंतजार के बाद बड़ी राहत लेकर आई।

# आईपीएल 2026 : सीएसके कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जताया गर्व

एजेंसी

**अहमदाबाद** : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का अभियान गुजरात टाइटंस के खिलाफ 89 रन की हार के साथ समाप्त हो गया। हालांकि टीम प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई, लेकिन कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पूरे सीजन में टीम के संघर्ष और युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व जताया। सीएसके ने सीजन की शुरूआत लगातार तीन हार के साथ की थी, लेकिन बाद में टीम ने शानदार वापसी करते हुए प्लेऑफ की उम्मीदों को आखिरी लीग मैच तक जिंदा रखा। टीम ने 14 मुकाबलों में 6 जीत और 8 हार के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

मैच के बाद गायकवाड़ ने कहा,

सीजन की शुरूआत हमारे लिए काफी मुश्किल रही, खासकर लगातार तीन हार के बाद। लेकिन उसके बाद जब हमें सही संयोजन मिला तो टीम ने अच्छा क्रिकेट खेलना शुरू किया। दुर्भाग्य से फिर चोटों ने हमें परेशान किया। जेमी ओवरटन और रामकृष्ण घोष जैसे ऑलराउंडरों की कमी से टीम संतुलन बिगड़ गया। आखिरी तीन मैचों में हमें कभी बल्लेबाज कम तो कभी गेंदबाज कम के साथ उतरना पड़ा।



उन्होंने कहा कि टीम इस समय बदलाव के दौर से गुजर रही है और युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने का काम इस सीजन में सफलतापूर्वक हुआ। बहुत लोग इस बात को नहीं मानते कि हम एक युवा टीम हैं और ट्रांजिशन फेज में हैं। हमारे 8 से 10 खिलाड़ी ऐसे थे जिन्होंने 20 से भी कम आईपीएल मैच खेले थे। ऐसे में छह जीत हासिल करना और कुछ शानदार मुकाबले जीतना गर्व की बात है। गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो मुकाबलों को टर्निंग पॉइंट बताया। हैदराबाद में हम 10 ओवर में 84 रन नहीं बना सके, जबकि हमारे पास सात विकेट बाकी थे। चेन्नई में भी हम उन्हें 180 रन तक रोक सकते थे। कुछ मुकाबलों में हम जीत के बेहद करीब पहुंचे लेकिन सफल नहीं हो पाए। सीएसके कप्तान ने युवा खिलाड़ियों की भी जमकर तारीफ की।

# लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डंपर से टकराई बस में लगी आग, चालक की मौत, 15 यात्री घायल

एजेंसी



**फिरोजाबाद :** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में थाना मटसेना क्षेत्र अन्तर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बृहस्पतिवार देर रात्रि कानपुर से गुड़गांव जा रही एक डबल डेकर प्राइवेट बस दुर्घटनाग्रस्त बालू से लदे डंपर में पीछे से जा घुसी। जिससे बस में आग लग गई। इस हादसे में बस चालक की मौत हो गई। जबकि लगभग 15 यात्री घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर पहुंची फायर टीम ने आग पर काबू पाया। एक डबल डेकर प्राइवेट बस सवारियों को लेकर कानपुर से गुड़गांव जा रही थी। बस में लगभग 40 से अधिक सवारियां सफर कर रही थीं। बस जैसे ही देर रात्रि में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर नसीरपुर थाना क्षेत्र से आगे बढ़ी। तभी बस के आगे चल रहा बालू से लदा डंपर अचानक मटसेना क्षेत्र के किमी संख्या 46 पर अनियंत्रित हो गया। जोकि मध्य डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इसी बीच पीछे से तेज गति से आ रही सवारियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हुए इस डंपर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बस में आग लग गई। यह देख सावरिया में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर यूपीडा तथा नसीरपुर एवं मटसेना पुलिस मौके पहुंची। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद, सीओ तेजस त्रिपाठी भी मौके पर आ गए। जिन्होंने बस में फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड की कई गड़िया मौके पर पहुंची। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में बस चालक शंभू बढ़ई निवासी कानपुर की मृत्यु हुई है। वही पुलिस ने घायलों को सैफई व फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेजा है। घायलों में नीलम (20) निवासी काकामई, अजीतमल जनपद ओरैया, रंगोली देवी (30) कानपुर देहात, शिवम (23) निवासी कानपुर देहात, सत्यम (35) निवासी ओरैया, सुंदरलाल (40) कंडक्टर निवासी प्रसान पोस्ट आटा जनपद जालौन, शांति देवी (45) निवासी जमोहा, ओरैया, शांति देवी का बेटा सत्यभान (16), मुकेश कुमार (40) निवासी लाल बंगला चकेरी कानपुर, आस्था (23) निवासी कानपुर नगर बिठूर, माया देवी (62) निवासी कानपुर, वेद (12), मन्नत (9) निवासीगण कानपुर, पूजा (35) निवासी साबीपुर माता जनपद उन्नाव, माया देवी (56) निवासी जूही बामरिया बारादेवी कानपुर एवं पप्पू (25) निवासी करेरा फतेहपुर आदि है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि बालू से भरे डंपर में पीछे से बस टकराने के कारण बस में आग लगी है। हादसे में चालक की मौत हुई है। वही घायलों को अस्पताल भिजवाया है।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 325 अंक उछला

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संकट पर अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति के इंतजार के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला है। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी बना हुआ है। सेंसेक्स में 325 अंक की बढ़त और निफ्टी भी 90 अंकों की तेजी है। कारोबार की शुरूआत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 324.95 अंक यानी 0.43 फीसदी उछलकर 75,508.31 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 96.10 अंक यानी 0.41 फीसदी की तेजी के साथ 23,750.80 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। आज के कारोबार में बैंक और रियल्टी शेयरों में खरीदारी है। वहीं, शुरूआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले 6 पैसे बढ़कर 96.30 पर पहुंच गया है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुई हैं। विशेषज्ञों का कहना है निवेशक भी अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति का इंतजार कर रहे है।

## रेलवे टेंडर घोटाले में आरोप तय करने का फैसला टला, 9 जून को होगी सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आज रेलवे टेंडर घोटाला के मनी लांड्रिंग मामले में आरोप तय करने पर फैसला टाल दिया है। इसके पहले भी कोर्ट ने 6 मई को फैसला टाल दिया था। स्पेशल जज विशाल गोगने ने अब 9 जून को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 13 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। 28 जनवरी, 2019 को कोर्ट ने ईडी की ओर से दर्ज केस में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दी थी। 19 जनवरी, 2019 को कोर्ट ने सीबीआई की ओर से दर्ज केस में लालू यादव को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने 13 अक्टूबर 2025 को रेलवे टेंडर घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने 17 सितंबर, 2018 को ईडी की ओर से दायर चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। इस मामले में लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी समेत तेजस्वी यादव, मेसर्स लारा प्रोजेक्ट एलएलपी, सरला गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, गौरव गुप्ता, नाथ मल ककरानिया,राहुल यादव, विजय त्रिपाठी, देवकी नंदन तुलस्यान, मेसर्स सुजाता होटल, विनय कोचर, विजय कोचर, राजीव कुमार रेलान और मेसर्स अभिषेक फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड को आरोपित बनाया है। लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने रेलमंत्री रहते हुए रेलवे के दो होटलों को आईआरसीटीसी को ट्रांसफर किया और होटलों की देखभाल के लिए टेंडर जारी किये थे। रांची और पुरी के दो होटलों का आवंटन कोचर बंधु की कंपनी सुजाता होटल को ट्रांसफर कर दिया था।

## भारत में अवैध रूप से दाखिल दो पाकिस्तानी नागरिकों को बीएसएफ ने पकड़ा

**चंडीगढ़ :** बीएसएफ के जवानों ने भारत-पाकिस्तान सीमा से अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में दाखिल हुए दो पाकिस्तानी नागरिकों को उनकी निजी गाड़ी समेत पकड़ा है। दोनों व्यक्ति लाहौर के रहने वाले बताए जा रहे हैं और फिलहाल उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। बीएसएफ के अनुसार दोनों पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तान के कसूर इलाके में दुकानों पर अलग-अलग तरह का सामान सप्लाई करने का काम करते थे। वे अपनी निजी गाड़ी में सवार होकर सीमा क्षेत्र की तरफ आए और गलती या अन्य कारणों से भारतीय सीमा में प्रवेश कर गए, जहां सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मोहम्मद लाहौर के नास्टर कॉलोनी, फिरोजपुर रोड निवासी सलीम पुत्र नजीर अहमद (उम्र 60 वर्ष) और जसहीन टाउन, गज्जी रोड निवासी अमीर नवाज पुत्र मोहम्मद नवाज के रूप में हुई है। बीएसएफ के अधिकारियों ने जीरो लाइन पर खड़े होकर पाकिस्तान रेंजर्स के अधिकारियों को भी इस घटना की जानकारी दे दी है। फिलहाल दोनों पाकिस्तानी नागरिकों से अमृतसर सेक्टर में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी गहन पूछताछ कर रहे हैं। जानकारी यह भी सामने आई है कि दोनों व्यक्ति अपनी निजी गाड़ी पर ही भारतीय सीमा में दाखिल हुए थे।

## बिरला, शाह ने राममोहन राय की जयंती पर नमन किया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और गृहमंत्री अमित शाह सहित कई नेताओं ने शुक्रवार को समाज सुधारक राजा राममोहन राय की जयंती पर उन्हें नमन किया। बिरला ने एक्स पोस्ट पर कहा कि भारतीय नवजागरण के महान पुरोधा एवं समाज सुधारक राजा राममोहन राय की जयंती पर कोटि-कोटि नमन। राममोहन राय ने सत्य, तर्क, शिक्षा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समाज परिवर्तन का आधार बनाते हुए भारतीय समाज को नई चेतना प्रदान की। राममोहन राय ने भारतीय संस्कृति और आधुनिक विचारों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए एक ऐसे भारत की कल्पना की, जो विवेकशील, प्रगतिशील और मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण हो। उनके विचारों ने भारतीय समाज में नवजागरण की वह चेतना पैदा की, जिसने आगे चलकर सामाजिक और राष्ट्रीय आंदोलनों को नई दिशा दी। अमित शाह ने कहा कि राममोहन राय ने ब्रह्म समाज की स्थापना कर सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वासों और भेदभाव के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया। शिक्षा, सामाजिक सुधार और लोक प्रशासन के क्षेत्र में उनके योगदान ने आधुनिक भारत की नींव को भी मजबूत किया। राममोहन राय के विचार और आदर्श सदैव राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक जागृति के पथ को आलोकित करते रहेंगे। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि राममोहन राय ने शिक्षा के प्रसार और आधुनिक चिंतन को सामाजिक जागरण का आधार बनाया। उनका जीवन हमें ज्ञान, सुधार और प्रगतिशील भारत के निर्माण के लिए निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राममोहन राय समाज को रूढ़ियों से मुक्त कर एक जागृत समाज का निर्माण करने वाले भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत थे। आधुनिक भारत के प्रमुख सृजनकताओं के रूप में उनका अतुल्य योगदान युगों-युगों तक याद किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि समाज की कुप्रथाओं के उन्मूलन, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा तथा शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में उनका योगदान अतुलनीय है। उनके आदर्श और विचार हमें एक सशक्त, समरस और जागरूक समाज के निर्माण के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि महिला शिक्षा के प्रसार और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध राममोहन राय के साहसिक एवं ऐतिहासिक प्रयासों ने भारतीय समाज को नई दिशा प्रदान की। उनका दूरदर्शी चिंतन, मानवता और समानता का संदेश आज भी समाज को जागरूक एवं प्रेरित कर रहा है।

## उप्र सरकार बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे : मायावती

एजेंसी



**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भीषण गर्मी में हो रही बिजली कटौती पर शुक्रवार को अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों व उसको लेकर विशेषकर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारियों व अन्य करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदायी बना हुआ है। इसको लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं। इसकी चर्चा मीडिया में भी काफी व निरन्तर रहती है। अतः सरकार से अपील है कि वह बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जरूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे। इसके साथ ही, नये पावर प्लाण्ट आदि के माध्यम से भी आगे के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।

## अमेरिका ने ताइवान को हथियारों की बिक्री रोकी

**वाशिंगटन :** अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण ताइवान को हथियारों की बिक्री रोक दी है। उन्होंने यह जानकारी शीर्ष रिपब्लिकन नेता मिच मैककोनेल के एक सवाल के जवाब में दी। सीनेट की सुनवाई के दौरान, सीनेटर मैककोनेल ने काओ से कहा, ₹हमने ताइवान को अमेरिका से हथियार खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया है। मगर अचानक से बिक्री रोक दी गई है। इस रोक के बारे में आपको ताइवान की तरफ से क्या जानकारी मिल रही है?₹ सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, काओ ने जवाब दिया, ₹मैंने ताइवान के अधिकारियों से बात नहीं की है। हालांकि, हमने उन्हें हथियारों की बिक्री की है। अभी हमने बिक्री इसलिए रोकी है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे पास 'एपिक फ्यूरी' के लिए जरूरी गोला-बारूद मौजूद है।₹ उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास काफी मात्रा में गोला-बारूद है। काओ ने कहा, ₹जब ट्रंप प्रशासन को जरूरी लगेगा तब हथियारों की बिक्री फिर से शुरू हो जाएगी।₹ उन्होंने कहा बिक्री कब फिर से शुरू होगी, यह तय करने का अधिकार रक्षा सचिव और विदेश सचिव के पास होगा।

## पंजाब सरकार ने खतरनाक आवारा कुत्तों के खिलाफ शुरू किया अभियान

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब सरकार ने शुक्रवार से लोगों की जान के लिए खतरा बने खतरनाक और आक्रामक आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए राज्यभर में विशेष अभियान शुरू कर दिया है। यह घोषणा सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले का स्वागत करते हुए की गई। पंजाब सरकार इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगमों, पशु नियंत्रण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर काम करेगी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करती है और बच्चों तथा राहगीरों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे आवारा और हिंसक कुत्तों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाएगी, जो आम लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके हैं। पंजाब में लगातार बढ़ रहे डॉग बाइट के मामले पिछले कुछ वर्षों से चिंता का विषय बने हुए हैं। इससे पहले 10 मार्च को पंजाब राज्य मानवाधिकार आयोग ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए नगर निगम कमिश्नरों और स्वास्थ्य विभाग से राज्य में डॉग बाइट मामलों को लेकर रिपोर्ट तलब की थी। पंजाब में वर्ष 2025 के दौरान 3.34 लाख डॉग बाइट के मामले दर्ज किए गए, जो बेहद चिंताजनक हैं। आयोग ने आवारा कुत्तों को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया था। यह स्थिति 2026 में भी गंभीर बनी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक राज्य में 50 हजार से अधिक डॉग बाइट के मामले सामने आ चुके हैं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और रोजाना सड़कों पर आने-जाने वाले लोगों पर हो रहे हमलों ने लोगों में डर का माहौल पैदा कर दिया है।

# ईरान-अमेरिका को मनाने के प्रयासों में प्रगति के संकेत, डेमोक्रेट ट्रंप की शक्तियों पर अंकुश नहीं लगा पाए

एजेंसी



**तेहरान/वाशिंगटन :** पश्चिम एशिया और होर्मुज जलडमरूमध्य में व्याप्त तनाव के बीच अमेरिका-ईरान शांति समझौता कराने की कोशिशों के बीच प्रगति के संकेत है। मध्यस्थ देश दोनों को टकराव से पीछे हटने के लिए मना रहे हैं। कोशिश है फिलहाल दोनों स्थाई समझौता कर लें। इस बीच अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य अभियान संबंधी शक्तियों पर अंकुश लगाने की डेमोक्रेट्स की कोशिश सफल नहीं हो पाई है। विधेयक के लिए हाउस में लाया गया मतदान का प्रस्ताव सिरे नहीं चढ़ सका है। अल जजीरा, सीबीएस न्यूज, ईरान की आईएसएनए न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच कई देशों के माध्यम से बातचीत चल रही है। दोनों पक्ष संघर्ष को खत्म करने के लिए एक समझौते का औपचारिक ढांचा तैयार करने की कोशिश में एक-दूसरे को संदेश और मसौदा भेज रहे हैं। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने कहा कि समझौता करीब है, जबकि एक सूत्र ने कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि कोई अंतिम समझौता हो पाएगा या नहीं। अमेरिकी विदेशमंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को इससे पहले कहा था कि समझौते के ₹कुछ अच्छे संकेत₹ मिल रहे हैं। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान अपने यूरेनियम के भंडार को खत्म नहीं करता है, तो उसके खिलाफ ₹बहुत कड़े₹ कदम उठाए जाएंगे। इस बीच अमेरिका में हाउस रिपब्लिकन ने ईरान युद्ध विधेयक पर मतदान को रद कर दिया। अगर ऐसा नहीं होता तो ट्रंप की शक्तियां सीमित हो जातीं और उन्हें युद्ध से पीछे हटना पड़ता।ने के लिए मजबूर करता। मतदान को जून तक के लिए टाल दिया गया है। इस विधेयक को पेश करने वाले डेमोक्रेटिक सांसद ग्रेगरी मीक्स ने कहा, ₹हमारे पास पर्याप्त संख्या बल था। इसी वजह से वे एक राजनीतिक खेल खेल रहे हैं।₹ हाउस के डेमोक्रेटिक नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा, ₹रिपब्लिकन के नियंत्रण वाला हाउस लगातार ट्रंप प्रशासन की पूरी तरह से सहायक कंपनी की तरह बर्ताव कर रहा है।₹ उन्होंने कहा, ₹रिपब्लिकन ने कायरता दिखाते हुए युद्ध शक्तियों से जुड़े प्रस्ताव पर होने वाला मतदान रद कर दिया। यह एक ऐसा कानून था जो दोनों पार्टियों के समर्थन से पास हो जाता और राष्ट्रपति को मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए मजबूर करता। हाउस रिपब्लिकन नेता स्टीव स्केलाइज ने पत्रकारों को बताया कि मतदान इसलिए टाला गया ताकि उन सांसदों को वोट देने का मौका मिल सके जो उस समय उपस्थित नहीं थे। हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने हाउस चैंबर से बाहर निकलते समय पत्रकारों के सवालों के कोई जवाब नहीं दिए।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भारत में पहली बार डब्ल्यूएफएडीएस एशियन चैंपियनशिप कप 2026 का आयोजन

**रांची/मेट्रो रेज :** एशिया में डांस स्पोर्ट्स के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्रोबेटिक डांसेज एंड डांस स्पोर्ट्स ने नेशनल फेडरेशन ऑफ एक्रोबेटिक्स एंड डांस स्पोर्ट इंडिया (एनएफएडीआई) के सहयोग से 8 मई 2026 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में भारत में पहली बार डब्ल्यूएफएडीएस एशियन चैंपियनशिप कप 2026 का आयोजन किया।यह ऐतिहासिक पहल भारत में बड़े स्तर पर एक्रोबेटिक रॉक एंड रोल और एक्रो स्विंग जैसे रोमांचक डांस स्पोर्ट्स की शुरूआत का प्रतीक बनी, जिसमें खेल कौशल और कलात्मक अभिव्यक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री श्री आशीष सूद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंथन जिम्नास्टिक्स अकादमी से गौरव जी एवं खुशबू जी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में भाजपा पंजाब के उपाध्यक्ष बिक्रमजीत सिंह चीमा, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पंजाब विधानसभा के पूर्व सदस्य एच.एस. फूलका तथा मनोज सेठी भी उपस्थित रहे।

### डीएस ग्रुप ने कैच स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो में जोड़े नए फ्लेवर्स

**रांची/मेट्रो रेज :** प्रमुख एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिजनेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) के लोकप्रिय ब्राण्ड कैच साल्ट एंड स्पाइसेज ने नए दौर की सीजनिंग एवं रीजनल फ्लेवर्स के लॉन्च के साथ अपने स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो मे वृद्धि की घोषणा की है। लम्बे समय से साल्ट एवं पैपर के लिए कैच स्प्रिंकलर रेंज देश में घर-घर का जाना-माना नाम बना हुआ है, इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए ब्राण्ड कई नए वेरिएन्ट्स लेकर आया है जैसे पिज्जा पास्ता सीजनिंग, चिली फ्लेक्स, ओरीगेनो, मैजिक मसाला और मिक्स्ड हर्ब्स तथा अन्य रीजनल फ्लेवर्स जैसे जीरावन (पोहा मसाला) और पोड़ी मसाला। इस लॉन्च के साथ कंपनी ने स्प्रिंकलर फॉर्मेट को एक व्यापक सीजनिंग प्लेटफॉर्म के रूप में आगे बढ़ाया है। इसे आज के दौर के उन भारतीयों के लिए डिजाइन किया गया है जो कुकिंग में नए-नए एक्सपेरिमेंट करना चाहते हैं, साथ ही सुविधा की भी उम्मीद रखते हैं।

### नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने रांची में आयोजित किया एजुकेटर्स मीट 2026

**रांची/मेट्रो रेज :** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा रांची के होटल ले लैक सरोवर पोर्टिको में ह्लएजुकेटर्स मीट 2026ह्व का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े कई प्रतिष्ठित शिक्षकों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य नई शिक्षा नीति, आधुनिक शिक्षा प्रणाली और छात्रों के बेहतर भविष्य को लेकर विचार-विमर्श करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश शर्मा जी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एस. एस. सिंह, फैज अहमद और अभिरंजन सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन अंकुर शर्मा और तरुण प्रताप सिंह ने किया।मुख्य अतिथि आकाश शर्मा जी ने अपने संबोधन में कहा, ह्लआज के समय में शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को कौशल, आत्मविश्वास और बेहतर अवसर देने का माध्यम बन चुकी है। नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से छात्रों के भविष्य को मजबूत बनाने का कार्य कर रही है।कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, रिसर्च अवसरों और इंडस्ट्री आधारित शिक्षा मॉडल के बारे में जानकारी साझा की गई। शिक्षकों ने भी छात्रों के सर्वांगीण विकास और रोजगारपरक शिक्षा पर अपने विचार रखे।एजुकेटर्स मीट 2026 के माध्यम से नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने झारखंड के शिक्षकों और शिक्षा संस्थानों के साथ मजबूत संबंध स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ।

### बजाज ऑटो ने सीमित अवधि के लिए पल्सर 125 पर 3,000 की छूट की घोषणा की

**रांची/मेट्रो रेज :** दुनिया की सबसे मूल्यवान टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निमार्ता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने पल्सर 125 पर सीमित अवधि के लिए एक विशेष ऑफर पेश किया है, जिससे भारत की लोकप्रिय परफॉर्मेंस मोटरसाइकिल अब ग्राहकों के लिए और अधिक आकर्षक बन गई है।पल्सर 125 रेंज की शुरूआती एक्स-शोरूम (दिल्ली) कीमत ?87,255 है। सीमित अवधि के लिए इस रेंज पर ?3,000 की छूट दी जा रही है, जिससे भरोसेमंद विरासत के साथ परफॉर्मेंस चाहने वाले राइडर्स के लिए यह एक और बेहतर विकल्प बन गई है।नई रेंज को युवाओं को ध्यान में रखकर पेश किए गए नए कलर ऑप्शन्स और अपडेटेड ग्राफिक्स के साथ और आकर्षक बनाया गया है। इन बदलावों के साथ राइडर्स को अब अधिक आधुनिक और फीचर-समृद्ध अनुभव मिलेगा, जबकि परफॉर्मेंस, आराम और विश्वसनीयता जैसी इसकी मूल खूबियों को बरकरार रखा गया है।

### राज्यसभा की 24 सीटों पर चुनाव और दो पर उपचुनाव की घोषणा, 18 जून को मतदान

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने जून-जुलाई में सेवानिवृत्त हो रहे राज्यसभा सदस्यों की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव तथा महाराष्ट्र और तमिलनाडु की दो रिक्त सीटों पर उपचुनाव कराने की घोषणा की है। सभी सीटों के लिए मतदान 18 जून को होगा और उसी दिन नतीजे आयेंगे। चुनाव आयोग के अनुसार 10 राज्यों की 24 राज्यसभा सीटों पर द्विवार्षिक चुनाव होंगे। इन सीटों पर मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल जून और जुलाई में समाप्त हो रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र और तमिलनाडु से राज्यसभा की एक-एक सीट रिक्त होने के कारण उपचुनाव भी कराए जाएंगे। महाराष्ट्र की सीट सुनेत्रा अजित पवार के 6 मई को इस्तीफे और तमिलनाडु की सीट सी. वी. शनमुगम के 7 मई को इस्तीफे के बाद खाली हुई। इन दोनों सीटों का कार्यकाल क्रमशः 4 जुलाई 2028 और 29 जून 2028 था। आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक चुनाव की अधिसूचना 1 जून को जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून तय की गई है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 9 जून को होगी। उम्मीदवार 11 जून तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 18 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा और उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया 20 जून तक पूरी कर ली जाएगी। चुनाव आयोग के अनुसार आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक की चार-चार; मध्यप्रदेश, राजस्थान की तीन-तीन; झारखंड की दो तथा मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मेघालय की एक-एक सीट के लिए मतदान होगा। राज्यसभा से सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं - आंध्र प्रदेश से अयोध्या रामी रेड्डी अल्ला, नथवाणी परिमल, पिल्ली सुभाषचंद्र बोस और सना सतीश बाबू। गुजरात से रामभाई हरजीभाई मोकारिया, अमीन नरहरि हीराभाई, गोहिल शक्तिसिंहजी हरिचंद्रसिंहजी और रमिला बेचरभाई बारा। झारखंड से दीपक प्रकाश और शिबू सोरेन। मध्य प्रदेश से दिग्विजय सिंह, जॉर्ज कुरियन और सुमेर सिंह सोलंकी। मणिपुर से महाराजा सनाजाओबा लीशेम्बा। मेघालय से वानवेइरॉय खालुर्खी। राजस्थान से नीरज डांगी, राजेंद्र गेहलोत और रवनीत सिंह। अरुणाचल प्रदेश से नबाम रेबिया। कर्नाटक से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा, नारायण कोरगप्पा और इरन्ना कडाडी।

# अनाधिकृत मकान नियमितीकरण कराने का सुनहरा अवसर : अरुणा शंकर

## आवासीय अधिकतम 9 रुपए एवं व्यवसायिक 18 रुपए स्क्वायर फीट दर तय

मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** आज महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा 'झारखंड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली, 2026' को अधिसूचित कर दिया गया है, जिसके तहत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में दिनांक 31.12.2024 से पहले बने सभी अनाधिकृत आवासीय और गैर-आवासीय भवनों को नियमित कराने का यह एक अंतिम और महत्वपूर्ण अवसर है। महापौर अरुणा शंकर ने कहा इस योजना के तहत केवल वही भवन नियमितीकरण के योग्य माने जाएंगे जिनकी ऊंचाई अधिकतम 10 मीटर या ऋ+2 तक है और जो अधिकतम 300 वर्ग मीटर तक के भूखंड (प्लॉट) पर निर्मित किए गए हैं। भवन स्वामियों को इस नियमावली के प्रकाशन की तिथि से अनिवार्य रूप से साठ (60) दिनों के भीतर केवल ऑनलाइन मोड में 'बिल्डिंग प्लान अप्रूवल मैनेजमेंट सिस्टम' (इढअटर) पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन जमा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया निबंधित वास्तुविद या स्वीकृत तकनीकी विशेषज्ञ के माध्यम से पूरी की जाएगी, जिसके लिए वे परामर्श शुल्क के रूप में अधिकतम 15 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से शुल्क ले सकेंगे। महापौर ने बताया शुल्क संरचना के अनुसार, मेदिनीनगर जैसे नगर निगम क्षेत्रों में 150 वर्ग मीटर तक के प्लॉट पर निर्मित आवासीय भवनों के लिए 60 रुपये प्रति वर्ग मीटर तथा 150 से 300 वर्ग मीटर के प्लॉट के लिए 90 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से नियमितीकरण शुल्क निर्धारित है, जबकि वाणिज्यिक/गैर-आवासीय भवनों के लिए 150 वर्ग मीटर तक 120 रुपये प्रति वर्ग मीटर और 150 से 300 वर्ग मीटर तक के लिए 180 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर तय की गई है। आवेदन जमा करते समय आवासीय भवनों के लिए न्यूनतम 10,000 रुपये तथा गैर-आवासीय (वाणिज्यिक) भवनों के लिए न्यूनतम 20,000 रुपये की एकमुश्त राशि का अग्रिम भुगतान करना अनिवार्य होगा और यदि कुल परिकलित शुल्क इस न्यूनतम राशि से कम भी आता है, तो भी यही न्यूनतम राशि देय होगी। शेष बची हुई नियमितीकरण राशि का भुगतान भूस्वामी एक बार में अथवा अधिकतम तीन समान किस्तों में करने का विकल्प चुन सकते हैं। वैसे भवन जो मेदिनीनगर स्थानीय निकाय/प्राधिकार के गठन या पुनर्गठन से भी पहले के निर्मित हैं, उनके लिए निर्धारित शुल्कों के निरपेक्ष मात्र 5,000 रुपये की एकमुश्त राशि देय होगी। आवेदकों को आवेदन के साथ भू-स्वामित्व के दस्तावेज, भवन के स्पष्ट नवीनतम फोटोग्राफ, क्षतिपूर्ति बांड, शपथ पत्र और स्ट्रक्चरल इंजीनियर द्वारा जारी संरचनात्मक सुरक्षा प्रमाण-पत्र (ऋङ१-उ) संलग्न करना आवश्यक होगा तथा गैर-आवासीय भवनों के लिए अग्निशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण-पत्र (ठडउ) भी अनिवार्य है। यदि किसी भवन में वर्षा जल संचयन (फ्रंल्ल हं३ी१ ल्रं१५ी२३ल्लॅ) की व्यवस्था नहीं है, तो भूस्वामी को शपथ पत्र देना होगा कि वे स्वीकृति के 6 महीने के भीतर इसे स्थापित कर लेंगे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि, सार्वजनिक उपक्रमों, मास्टर प्लान के तहत प्रस्तावित सड़कों के एलाइनमेंट, जल निकायों (कचमेंट एरिया) और सीएनटी/एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर हस्तांतरित की गई जमीनों पर किए गए अतिक्रमण या निर्माण को किसी भी परिस्थिति में नियमित नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद यदि सत्यापन के दौरान कोई मकान मालिक अपने भवन में किसी भी प्रकार का नया निर्माण या परिवर्तन करता पाया जाता है, तो उसका आवेदन तुरंत खारिज कर पूरी राशि जब्त कर ली जाएगी। सक्षम प्राधिकार द्वारा आवेदनों की स्क्रूटनी और स्थल निरीक्षण के बाद अंतिम तिथि से छह महीने के भीतर स्वीकृति या अस्वीकृति की सूचना दी जाएगी और आवेदन स्वीकृत होने पर ही आवेदक को 'ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट' जारी कर सभी प्रवर्तन कार्रवाइयां वापस ली जाएंगी। यदि किसी कारणवश आवेदन खारिज होता है, तो प्राधिकार कुल जमा राशि का 10% प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में रखकर शेष 90% राशि वापस कर देगा। जो भवन स्वामी इस निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदन नहीं करेंगे, उनके निर्माण को निरंतर अपराध माना जाएगा तथा उनके खिलाफ जुमार्ना लगाने के साथ-साथ भवन को ध्वस्त करने जैसी कठोर कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी । महापौर अरुणा शंकर ने इस स्कीम को अनाधिकृत मकान वालों के लिए सुनहरा अवसर बताएं ।



# जेपी चौक जपला की जलमीनार 5 दिनों से खराब

## पानी के लिए भटक रहे दुकानदार व राहगीर

मेट्रोरेज संवाददाता

**हुसैनाबाद :** भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच हुसैनाबाद नगर पंचायत की उदासीनता के कारण आम जनता पीने की पानी के लिए बेहद परेशान हैं।शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में से एक, जेपी चौक पर स्थित जलमीनार पिछले पांच दिनों से खराब पड़ी है। इस खराबी के कारण स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और सबसे ज्यादा रेल यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जेपी चौक मुख्य मार्ग होने के कारण यहां से हर दिन बड़ी संख्या में रेल यात्री स्टेशन के लिए आवागमन करते हैं।स्थानीय व्यवसायियों का कहना है कि धूप के कारण गले सूख रहे हैं, लेकिन नगर प्रशासन को इसकी कोई परवाह नहीं है।

जलमीनार को ठीक कराने के लिए स्थानीय दुकानदारों ने नगर पंचायत अध्यक्ष अजय भारती को दो से तीन बार फोन कर समस्या से अवगत कराया। इसके बावजूद जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो बुधवार को दुकानदार खुद नगर पंचायत कार्यालय पहुंच जलमीनार को अविलंब दुरुस्त कराने का आग्रह किया। लेकिन अब तक धरातल पर कोई पहल नहीं की गई है। नगर पालिका के कर्मचारी और अधिकारी इस गंभीर संकट पर पूरी तरह मौन साधे बैठे हैं। स्थानीय नागरिकों ने जल्द ही जलमीनार को ठीक कर पेयजल आपूर्ति बहाल करने का आग्रह किया है।



# कठोंधा आंगनबाड़ी केंद्र में ममता यादव बनीं नई सहायिका

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड अंतर्गत कठोंधा आंगनबाड़ी केंद्र में नई सहायिका के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चयन प्रक्रिया में ममता यादव का चयन सहायिका पद के लिए किया गया है।

बताया जाता है कि पूर्व सहायिका हृदया कुंवर के निधन के बाद यह पद रिक्त हो गया था। इसके बाद विभागीय नियमों के तहत नई सहायिका के चयन के लिए प्रक्रिया शुरू की गई। इस चयन प्रक्रिया में कुल तीन अभ्यर्थियों ने आवेदन पत्र जमा किया था। सभी आवश्यक औपचारिकताओं और जांच के बाद ममता यादव को चयनित किया गया। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि नई सहायिका के रूप में ममता यादव आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन और बच्चों तथा महिलाओं से जुड़ी योजनाओं को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने का कार्य करेंगी।

# खूंटपानी ब्लॉक के निरीक्षण में बीडीओ, सीओ और एमओ मिले नदारद

संवाददाता

**चक्रधरपुर:** कोल्हान रक्षा संघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायतों और समस्याओं के समाधान को लेकर आज पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत खूंटपानी प्रखंड मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान ब्लॉक की प्रशासनिक व्यवस्था की पोल खुल गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी , अंचल अधिकारी और विपणन पदाधिकारी (एमओ )जैसे मुख्य जिम्मेदार अधिकारी अपने कार्यालयों से पूरी तरह गायब पाए गए।

निरीक्षण दल का नेतृत्व कोल्हान रक्षा संघ के अध्यक्ष डिबार जोंको, महासचिव मान सिंह हेंब्रम, कोषाध्यक्ष जय सिंह हेंब्रम और संघ के नेता रविंद मंडल ने संयुक्त रूप से किया।औचक निरीक्षण के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कोल्हान रक्षा संघ के अध्यक्ष डिबार जोंको ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है कि सुदूर ग्रामीण इलाकों से अपनी फरियाद लेकर आने वाले गरीब ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के लिए ब्लॉक में कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं है। हमारे निरीक्षण के दौरान बीडियो, सीओ और एमओ तीनों अपने कार्यालय से नदारद पाए गए। कोल्हान क्षेत्र के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं और अपने हकों के लिए भटक रहे हैं। जब अधिकारी ही दफ्तर से गायब रहेंगे, तो जनता की समस्याओं का समाधान कैसे होगा? हम इस मामले को बर्दाश्त नहीं करेंगे। अनुपस्थित अधिकारियों पर तुरंत अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए, अन्यथा कोल्हान रक्षा संघ ग्रामीणों के हक के लिए उग्र आंदोलन को बाध्य होगा।

वहीं, संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रविंद मंडल ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा

खूंटपानी ब्लॉक की स्थिति देखकर साफ पता चलता है कि यहाँ की प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है। ग्रामीण मीलों पैदल चलकर, अपना काम-धंधा छोड़कर प्रखंड मुख्यालय आते हैं, लेकिन यहाँ उन्हें सिर्फ खाली कुर्सियां देखने को मिलती हैं। बीडियो, सीओ और एमओ जैसे मुख्य अधिकारियों का एक साथ गायब होना गंभीर लापरवाही है। ग्रामीणों की राशन, जमीन और विकास योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। हम जिला उपायुक्त से मांग करते हैं कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा संघ की मुख्य मांगें है कि खूंटपानी ब्लॉक से बिना सूचना नदारद रहने वाले बीडियो, सीओ और एमओ से स्पष्टीकरण मांगते हुए तत्काल कार्रवाई की जाए।प्रखंड कार्यालयों में अधिकारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए ताकि ग्रामीणों को परेशान न होना पड़े। राशन, जमीन म्यूटेशन और स्थानीय विकास योजनाओं से जुड़ी लंबित समस्याओं का निपटारा कैंप लगाकर तुरंत किया जाए।कोल्हान रक्षा संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ब्लॉक की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ और जनता को राहत नहीं मिली, तो संघ पूरे जिले में चरणबद्ध तरीके से जोरदार आंदोलन शुरू करेगा। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# ओवेश अंसारी बने डोरंडा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष



गुलाम शाहिद

**रांची :** रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष श्री कुमार राजा ने ओवेश अंसारी को डोरंडा प्रखंड कांग्रेस कमिटी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस अवसर पर श्री कुमार राजा ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि ओवेश अंसारी जिस प्रकार विगत कई वर्षों से कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का कार्य करते आ रहे हैं, आगे भी वे संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष ओवेश अंसारी ने शीर्ष नेतृत्व एवं सभी पार्टी कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाएंगे तथा संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

ओवेश अंसारी के प्रखंड अध्यक्ष बनने पर प्रिंस बट्ट, शाहबाज अहमद, समाजसेवी मोहम्मद इमरान रजा, मुजीब उर्फ जुगनू, आदिल कुरैशी, इमाम अहमद, आरिफ इकबाल, फैज कुरैशी, वरिष्ठ कांग्रेसी मंसूर कुरैशी, वरिष्ठ कांग्रेसी सलाउद्दीन अंसारी, शाहनवाज उर्फ रिंकू, मुन्ना रिजवी, जमील अख्तर, फरहाद शम्सी सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### धनबाद के विधि व्यवस्था डीएसपी के रूप में प्रकाश सोय ने पदभार ग्रहण किया



**ज्योति पाठक :**

झारखंड के तेज तर्रार एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पूरे राज्य में पहचाने जाने वाले ने प्रकाश सोय नेआज धनबाद के नये विधि व्यवस्था डीएसपी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री सोय ने कहा कि बेहतर विधि व्यवस्था,अपराध नियंत्रण और लोगों के अपेक्षा के अनुरूप पुलिस अपने दायित्व और कार्यों का निर्वहन करेगी यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नवपदस्थापित डीएसपी श्री सोय ने कहा कि - लोग पुलिस को अपना सच्चा मित्र और हितैषी समझें किसी प्रकार की जानकारी हो तो उसे अवश्य दें पुलिस तत्क्षण उसपर कारवाही करेगी । विदित हो कि डीएसपी श्री सोय झारखंड के लोकप्रिय कामयाब और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पूरे राज्य में पहचाने जाते हैं। इससे पूर्व श्री सोय चाईबासा मुख्यालय और रामगढ़ तथा कोतवाली डीएसपी रह चुके हैं।

### कोडरमा मुख्यालय के नवपदस्थापित डीएसपी अरविंद कुमार ने पदभार ग्रहण किया



बिनय मिश्रा : कोडरमा मुख्यालय के नये डीएसपी अरविंद कुमार ने आज अपना पदभार ग्रहण किया। श्री कुमार ने निवर्तमान डीएसपी रतिभान सिंह से प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर नवपदस्थापित डीएसपी अरविंद कुमार का स्वागत निवर्तमान डीएसपी रतिभान सिंह ने बुके देकर गर्मजोशी से किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री कुमार ने कहा कि बेहतर विधि व्यवस्था,अपराध नियंत्रण और लोगों के अपेक्षा के अनुरूप पुलिस अपने दायित्व और कार्यों का निर्वहन करेगी यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नवपदस्थापित डीएसपी अरविंद कुमार ने कहा कि लोग पुलिस को अपना सच्चा मित्र और हितैषी समझें किसी प्रकार की जानकारी हो तो उसे अवश्य दें पुलिस तत्क्षण उसपर कारवाही करें विदित हो कि डीएसपी अरविंद कुमार झारखंड के लोकप्रिय कामयाब और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाते हैं। इससे पूर्व श्री कुमार जमशेदपुर मुख्यालय और लातेहार के लोकप्रिय डीएसपी रह चुके हैं

